खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 23°C

देहरादून, मंगलवार 1 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 328 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: धनखड़**

पेज 2



**आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब**

खेल टाइम्स




**जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति**

संपादकीय

# चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर सैटेलाइट से होगी निगरानी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है भारत**

**चार साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च किए जाएंगे, एआई से लैस, आपस में कनेक्ट रहेंगे**

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है। सरकार ने तय किया है कि 2029 (अगले 4 साल में) तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे।

सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' (एसबीएस-3) योजना बनाई है। इसके लिए 26,968 करोड़ का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी आन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत इसरो 21 सैटेलाइट बनाएगा और लॉन्च करेगा, जबकि 31 सैटेलाइट्स तीन निजी भारतीय कंपनियां तैयार करेंगी। पहला सैटेलाइट अप्रैल 2026 तक लॉन्च किया जाएगा, लेकिन समय सीमा को और घटाने का प्रयास जारी हैं। ये सैटेलाइट्स लो-अर्थ आर्बिट और जियोस्टेशनरी आर्बिट में तैनात किए जाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी -शेष पृष्ठ दो पर

# पहाड़ी राज्यों में बारिश का कहर जारी

## बदरीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, उत्तरकाशी में सात लापता मजदूरों के लिए रेस्क्यू जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हिमाचल में गाड़ियों के सामने दरका पहाड़, शिमला में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी**



**नई दिल्ली/देहरादून।** देश के सभी राज्यों में मानसून पहुंच गया है। बीते 24 घंटे से पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है।

उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता 7 लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर गोचर बंदखंड के पास लैंडस्लाइड हुआ है। मलबा सड़क पर आ गया। लैंडस्लाइड के बाद बदरीनाथ जाने वाले रोड पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है। उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिलाई बैंड के पास एक होटल ढह गया था। हादसे में 29 मजदूर लापता थे, जिनमें से 20 को बचा लिया गया था, दो मजदूरों की मौत हुई है। 7 लापता की तलाश जारी है। यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सोमवार को भी रेस्क्यू का काम जारी है। पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, -शेष पृष्ठ दो पर

### एक लाख का इनामी बदमाश संदीप ढेर

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के मवीकलां गांव के पास नोएडा एसटीएफ और बागपत पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक लाख के इनामी बदमाश संदीप को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। गोली लगने से एसटीएफ का एक मुख्य आरक्षी भी घायल हुआ है। संदीप पर कानपुर पुलिस की ओर से हाईवे पर चार करोड़ रुपये की निकिल प्लेट लूट में एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# आज से रेल किराये में बढ़ोतरी लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गई है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराए में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराए पर 15 रुपये बढ़ाए गए हैं। इन्हीं गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी और प्रथम श्रेणी के किरायों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

### अमरनाथ यात्रा को जम्मू में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो गए हैं। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि कल तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे।

# बोधगया मंदिर बौद्धों को सौंपने की याचिका पर विचार नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के बोधगया मंदिर का नियंत्रण और प्रबंधन बौद्धों को सौंपने का निर्देश देने की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने सुलेखाताई नलिनिताई नारायणराव कुंभारे की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता नारायणराव को इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी। अदालत ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय से गुहार लगाने को कहा। न्यायमूर्ति सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर सीधे विचार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि ऐसी याचिका विचारणीय नहीं है।

# ललित मोदी को शीर्ष कोर्ट से राहत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट ने 10.65 करोड़ का जुर्माना भरने वाली याचिका खारिज की**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में ललित ने बीसीसीआई को 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने की मांग की थी।

यह जुर्माना प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट (फेमा) का उल्लंघन करने के लिए उन पर लगाया था। जस्टिस पीएस नरसिंहा और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मोदी की याचिका को जवाब लायक नहीं बताया और कहा कि इस मामले में मोदी चाहें, तो सिविल कोर्ट में कानूनी उपाय आजमा सकते हैं, लेकिन बीसीसीआई पर कोई सीधा आदेश नहीं दिया जा सकता। साल 2009 में आईपीएल का आयोजन साउथ अफ्रीका में हुआ था। इस दौरान ईडी ने आईपीएल को शिफ्ट करने के दौरान हुए लेन-देन को लेकर मोदी पर 10.65 करोड़ का जुर्माना लगाया था।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 12 की मौत

संगारेड्डी, वार्ता

**34 लोग घायल**

**तेलंगाना के** संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं।

हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ। राज्य के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा कि अब तक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। आईजी वी. सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ, वहां 90 लोग मौजूद थे।

# भारतीय लड़ाकू विमानों के नुकसान की रिपोर्ट गलत

जकार्ता, वार्ता




**भारत ने** इंडोनेशिया में एक सेमिनार के दौरान अपने रक्षा अताशे की प्रेजेंटेशन को लेकर फैली उन रिपोर्टों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपने कुछ लड़ाकू विमान खो दिए थे। भारत ने रिपोर्टों को संदर्भ से बाहर बताया और कहा कि प्रेजेंटेशन को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि मीडिया में जो बातें कही गई हैं, वे गलत ढंग से पेश की गई हैं और बातों को संदर्भ से हटाकर बताया गया है। दूतावास ने कहा कि हमने इंडोनेशिया में एक सेमिनार के दौरान दिए गए रक्षा अताशे के प्रेजेंटेशन के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। इसमें कही गई बातें संदर्भ से हटाकर पेश की गई हैं और रक्षा अताशे के प्रेजेंटेशन के उद्देश्य को गलत तरीके से दिखाया गया है। दूतावास ने यह भी बताया कि उस प्रेजेंटेशन का मुख्य उद्देश्य यह समझाना था कि भारतीय सशस्त्र बल हमारे पड़ोस के कुछ अन्य देशों के मुकाबले राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करते हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था और भारत की कार्रवाई उत्तेजक या आक्रामक नहीं थी।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोलकाता दुष्कर्म मामला

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई को पत्र के जरिये एक याचिका भेजी गई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि वह कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले का संज्ञान लें। यह मामला कस्बा क्षेत्र में स्थित साउथ कोलकाता लॉ कालेज का है, जहां 25 जून को एक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित तौर पर कॉलेज परिसर के अंदर ही तीन लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया।





















## संक्षिप्त समाचार

### ताजमहल के निकट हवाई फायरिंग का मुख्य आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा स्थित ताज. महल की पार्किंग के निकट सोमवार की सुबह हवाई फायरिंग करने वाले युवकों में से एक मुख्य आरोपी को पुलिस ने सात घंटे के भीतर लखनऊ से दबोच लिया। पकड़ा गया युवक पंकज सिह आजमगढ़ जिले का निवासी है और मथुरा तथा आगरा की यात्रा पर अपने परिवार संग आया था। हवाई फायरिंग के बाद वह टैक्सी बदलकर लखनऊ पहुंच गया। पुलिस तुरंत ही उसकी खोजबीन में जुट गई थी। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग की मदद ली गई। शाम होते-होते आगरा पुलिस ने कन्नौज, उन्नाव और लखनऊ पुलिस के साथ समन्वय करते हुए लखनऊ के मानकनगर से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसके परिजनों ने बताया कि पंकज बीते 20 वर्षों से मानसिक रोग से पीड़ित है और उसका लखनऊ में इलाज चल रहा है।

### तेलंगाना बीजेपी विधायक टी राजा ने पार्टी छोड़ी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी। टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ने केंद्री नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें।

# कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन पर हाईकमान करेगा फैसला: खड़गे

**बेंगलुरु, वार्ता**

कर्नाटक में राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राज्य में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर कहा कि यह पूरी तरह से पार्टी हाईकमान पर निर्भर करता है और वही इसका फैसला करेगा।

खड़गे ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। यह पूछे जाने पर कि क्या आने वाले महीनों में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की जगह ले सकते हैं। यह हाईकमान पर छोड़ दिया गया है। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले खड़गे ने पार्टी सदस्यों को अटकलों वाले बयानों के जरिए 'अनावश्यक भ्रम' की स्थिति उत्पन्न करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हाईकमान के पास बदलाव करने की शक्ति है, लेकिन अनावश्यक रूप से भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब कर्नाटक में कई कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के भीतर असंतोष का संकेत देते हुए सार्वजनिक रूप से टिप्पणी की है और शिवकुमार को रोटेशन के आधार पर मुख्यमंत्री पद संभालने के लिए समर्थन का संकेत दिया है, जैसा कि 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले चर्चा की गयी थी। उनके हस्तक्षेप को आंतरिक अशांति को शांत करने और राज्य स्तरीय मामलों पर केंद्रीय नियंत्रण को फिर से कायम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

**पार्टी सदस्य अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा न करें, अन्यथा होगी कार्रवाई**



# बिहार में शरीया कानून लाना चाहते हैं नमाजवादी गठबंधन

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नए वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंकने संबंधी बयान की कड़ी प्रतिक्रिया जताई है और पूछा है कि क्या 'नमाज़वादी' इंडी गठबंधन बिहार में शरीया कानून लागू करना चाहता है।

भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पटना के गांधी मैदान में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल की रैली में तेजस्वी यादव के भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण किए, लेकिन बड़े दुख की बात है, पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए जान की परवाह किए बिना लाखों लोग एकत्र हुए थे। वहां कल एक ऐसी रैली हुई, जिसमें इंडी गठबंधन के सहयोगी बिहार के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे। जबकि यह कानून (वक्फ बोर्ड कानून) दोनों सदनों से पारित है और न्यायालय में विचाराधीन है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इसका अर्थ ये हुआ कि न संसद का सम्मान है, न न्यायपालि. का का सम्मान है। वोट बैंक की चाहत में इंडी गठबंधन के सहयोगी तेजस्वी यादव द्वारा जो कुछ बोला गया है, उससे साफ है कि ये संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं यह कहना चाहता हूं कि कुरान में 'वक्फ' जैसा कोई शब्द नहीं है। यह मुल्लाओं और मौलवियों द्वारा बनाया गया।



**तेजस्वी यादव के बयान पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का पलटवार**

### बिहार में 2003 की मतदाता सूची के 4.96 करोड़ मतदाताओं को सबूत देने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया है और उसमें शामिल 4.96 करोड़ मतदाताओं को समीक्षा के दौरान अपनी पहचान के सबूत के तौर पर कोई दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता नहीं होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची उसकी वेबसाइट पर अपलोड की गई है, जिसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं के विवरण शामिल हैं। आयोग ने कहा कि इस सूची के मतदाताओं को समीक्षा के दौरान कोई दस्तावेज नहीं देना होगा तथा इनके बच्चों को अपने माता-पिता से संबंधित कोई दस्तावेज जमा कराने की भी जरूरत नहीं है।

## बरेली के आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति का आह्वान

# जीवों के कल्याण को करें शक्ति का प्रयोग

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी प्रजातियों के संरक्षण को जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने और समझने की शक्ति दी है उसका इस्तेमाल सभी जीवों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

मुर्मू ने सोमवार को बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के दीक्षांत समारोह में कहा कि मनुष्य का वनों और वन्यजीवों के साथ सह-अस्तित्व का रिश्ता है। कई प्रजातियों के या तो विलुप्त होने या विलुप्त होने के कगार पर पहुं. चने का उल्लेख करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि इन प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने और समझने की शक्ति दी है, उसका उपयोग सभी जीवों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। कोरोना महामारी ने मानव जाति को आगाह किया है कि उपभोग पर आधारित संस्कृति न केवल मानव जाति को बल्कि अन्य जीवों और पर्यावरण को भी अकल्पनीय नुकसान पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि 'ईशावास्यम इदं सर्वम' के जीवन मूल्य पर आधारित भारतीय संस्कृति सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति देखती है। देवताओं और ऋषियों द्वारा जानवरों से संवाद करने की मान्यता भी इसी सोच पर आधारित है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आज पूरे विश्व में 'एक स्वास्थ्य' की अवधारणा को महत्व मिल रहा है। इसका मानना है, मनुष्य, पालतू तथा जंगली जानवर, वनस्पतियां और व्यापक पर्यावरण सभी एक-दूसरे पर निर्भर हैं। हमें पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख पशु चिकित्सा संस्थान के रूप में आईवीआरआई इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है खासकर जूनोटिक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में। राष्ट्रपति ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी पशु चिकित्सा और उनकी देखभाल में भी क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है।



**विलुप्त होती प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण है, भारतीय संस्कृति की सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति देखती है**

### मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में आरोप प्रत्यारोप का ऐसा दौर चल रहा है, जिसमें राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को भी घसीट लिया जाता है और यह भारतीय लोकतंत्र और संस्कृति से मेल नहीं खाता। धनखड़ ने राजस्थान के जयपुर में राज्य के पूर्व विधायकों के संगठन राजस्थान प्रगतिशील मंच के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश का मौजूदा राजनीतिक परिवेश भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से भी मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आप अलग-अलग दलों में हो सकते हैं और इसमें भी बदलाव होता रहता है। सत्ता पक्ष प्रतिपक्ष में जाता रहता है और प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष में आता रहता है। पर इसका मतलब यह नहीं है कि दुश्मनी हो जाए। दरार पैदा हो जाए। दुश्मन सीमापार हो सकते हैं। देश में हमारा कोई दुश्मन नहीं हो सकता। उप राष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति का परिवेश असहनीय हो रहा है। बेलगाम होकर वक्तव्य दिए जा रहे हैं।

# इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के लिए बेहतर सुविधाएं: सिन्हा

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए काफी बेहतर व्यवस्था की गई है।

सिन्हा ने तीन जुलाई को शुरू होने वाली यात्रा से पहले जमीनी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गंदेरबल के बालटाल की अपनी यात्रा के दौरान कहा कि श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी), नागरिक प्रशासन, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सुरक्षा बल और अन्य सभी हितधारकों ने श्रद्धालुओं के लिए शांतिपूर्ण, सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भी की जिसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक में समन्वय तंत्र को अंतिम रूप देने और वार्षिक तीर्थयात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना और बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए इस मामले में संदिग्ध स्थानीय गाइड को गिरफ्तार किया है। जवानों ने कल रात राजौरी के केरी सेक्टर के तारकुंडी क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखीं। सुरक्षाकर्मी सतर्क हो गए और आतंक वादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।



**सेंसेक्स** 84058.90
**निफ्टी** 25637.80



**सोना रु.** 95886
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 105510
प्रति किलो



# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक

**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, ऑटो, बैंकिंग, धातु और रियल्टी समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिन की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 452.44 अंक की गिरावट लेकर 83606.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 120.75 अंक लुढ़ककर 25517.05 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.67 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,854. 46 अंक और स्मॉलकैप 0.81 प्रतिशत उछलकर 54,690.91 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4290 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2362 में लिवाली जबकि 1750 में बिकवाली हुई, वहीं 178 में कोई बदलाव नहीं हुआ।



इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3052 कंपनियों के शेयरों में से 1756 में तेजी जबकि 1188 में गिरावट रही वहीं 108 में टिकाव रहा। बीएसई के 10 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे ऊर्जा 0. 41, एफएमसीजी 0.26, वित्तीय सेवाएं 0.17, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.49, बैंकिंग 0.59, धातु 0. 49, तेल एवं गैस 0.19, रियल्टी 0. 87 और टेक समूह के शेयर 0.06 प्रतिशत गिर गए। वहीं हेल्थकेयर 0. 56, इंडस्ट्रियल्स 0.66, कैपिटल गुड्स 1.10, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0. 42 और सर्विसेज समूह के शेयर 1. 08 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 32 अंक फिसलकर 84,027.33 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 84,099.53 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 83,482.13 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गए। अंत में पिछले दिवस के 84,058.90 अंक के मुकाबले 0.54 प्रतिशत की गिरावट लेकर 83,606.46 अंक पर रहा। वहीं निफ्टी 24 अंक की बढ़त के साथ 25,661.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,669.35 अंक के उच्चतम जबकि 25,473.30 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,637.80 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत लुढ़ककर 25,517. 05 अंक पर बंद हुआ।

# सोना 102 बढ़कर 95,886 पर पहुंचा, चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को तेजी देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 102 बढ़कर 95,886 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 95,784 पर था। वहीं चांदी की कीमत 317 बढ़कर 1,05,510 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,193 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,410 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,310 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,200 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,724 रुपए बढ़कर 95,886 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 19,493 रुपए बढ़कर 1,05,510 रुपए पर पहुंच गया है।

# सोया रिफाइंड, वनस्पति तेल और उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड, वनस्पति तेल के साथ ही उड़द दाल सस्ती हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 27 रिंगिट गिरकर 3959 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की तेजी के साथ 52.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सोया रिफाइंड में 36 रुपए और वनस्पति तेल में 133 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल की 250 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14066 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14533 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन-पाकिस्तान...**

के मुताबिक, एसबीएस-3 का मकसद पाकिस्तान, चीन और हिंद महासागर क्षेत्र को ज्यादा विस्तार में कवर करना है, ताकि कम समय में हाई रिजोल्यूशन निगरानी संभव हो। इसरो के सैटेलाइट्स के अलावा वायुसेना तीन हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म सिस्टम (एचएपीएस) विमान भी खरीदने की तैयारी में है। ये ड्रोन जैसे मानव रहित विमान होंगे, जो लंबी अवधि तक ऊंचाई पर उड़कर निगरानी में मदद करेंगे। ये सैटेलाइट्स की निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेंगे। एचएपीएस विमान आमतौर पर धरती से 18 से 20 किलोमीटर (60,000 फीट) ऊपर उड़ता है और लंबे समय तक एक ही जगह पर बना रह सकता है। 7 से 10 मई 2025 के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जैश-ए- मोहम्मद के खिलाफ भारी सैन्य कार्रवाई की थी। इकोनॉमिक टाइम्स (ईटी) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान देशी सैटेलाइट्स और कुछ विदेशी कॉमर्शियल डेटा का इस्तेमाल किया गया, लेकिन रियल टाइम ट्रैकिंग में कई खामियां उजागर हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि हमें अपने फैसलों की गति तेज करनी होगी। जितना जल्दी हम 52 सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में स्थापित करेंगे, हमारी सुरक्षा उतनी ही मजबूत होगी। भारत का यह कदम चीन के तेज होते अंतरिक्ष सैन्यकरण के जवाब में भी है। 2010 में जहां चीन के पास सिर्फ 36 सैन्य सैटेलाइट थे, वहीं आज उसके पास 1000 से ज्यादा सैटेलाइट्स हैं, जिनमें से 360 से ज्यादा निगरानी (आईएसआर) कार्यों के लिए हैं। चीन के पास एंटी-सैटेलाइट मिसाइल, को-आर्बिटल सैटेलाइट, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम और लेजर जैसे हथियार भी हैं। भारत के स्पेस बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) मिशन की शुरुआत 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने की थी। एसबीएस1 प्रोग्राम के तहत 2001 में चार सैटेलाइट लॉन्च किए गए थे। जिसमें रिसैट प्रमुख था। इसके बाद एसबीएस 2 मिशन में 2013 में 6 सैटेलाइट लॉन्च किए गए।

**पहाड़ी राज्यों...** एनडीआरएफ और प्रशास. निक टीमें राहत-बचाव का काम कर रही हैं। हिमाचल में बीते 48 घंटे से बारिश हो रही है। पिछले 10 दिन में 39 लोगों की मौत हुई है। बारिश के चलते कई जिलों में भूस्खलन और पानी भरने की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को राज्य में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कई जगहों पर लैंडस्लाइड की आशंका है। हिमाचल के सोनल में अर्की-शालाघाट मार्ग पर लैंडस्लाइड हुआ है। पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा नीचे खड़ी गाड़ियों के ठीक सामने गिरा। शिमला के भट्टाकुफर 5 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। बीती रात इमारत खाली कर दी गई थी। फोरलेन कटिंग की वजह से नींव कमजोर हो गई थी। अब बारिश के बाद मिट्टी धंसने से बिल्डिंग गिरी। राजस्थान के चूरू जिले में सुबह 5 बजे से ही बारिश हो रही है। शहर के निचले इलाकों में स्थित घरों और दुकानों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया है। पूरे राजस्थान में 20 जून के बाद से ही मानसून की बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण पाली में कई जगह बरसाती नदियां उफान पर हैं।

# मई में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर1.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपभोक्ता मांग में कमी के बीच देश में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर मई 2025 में 1.2 प्रतिशत रही जो गत वर्ष सितंबर के बाद का इसका न्यूनतम स्तर है। पिछले वर्ष इसी माह औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.3 प्रतिशत और इस वर्ष अप्रैल में 2.6 प्रतिशत थी।


सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी मई के आंकड़ों के अनुसार अखिल भारतीय आईआईपी मई, 2025 में 156.6 रहा, जबकि एक साल पहले इसी माह यह 154.7 और एक माह पहले 151.8 अंक था। इस वर्ष मई में खनन क्षेत्र का उत्पादन सालाना आधार पर 0.1 प्रतिशत घट गया जबकि विनिर्माण क्षेत्र में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बिजली का उत्पादन मई में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत कम रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों अप्रैल-मई में औद्योगिक वृद्धि दर 1.8 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। इस वर्ष मई में प्राथमिक वस्तु उद्योग के उत्पादन में सालाना आधार पर 0.2 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। आलोच्य माह में माध्यमिक वस्तुओं का उत्पादन 3.5 प्रतिशत बढ़ तथा निर्माण/ अवसंरचना वस्तु उद्योग की वृद्धि 6.3 प्रतिशत रही। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता उद्योग का उत्पादन 0. 7 प्रतिशत कम रहा।

### खरीफ की बुआई का रकबा बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश में मौजूदा वर्ष के खरीफ मौसम में धान, श्रीअन्न और दलहन की बुआई का रकबा बढ़ा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रायल ने सोमवार को यहां जारी आंकडों में बताया कि 27 जून तक देश में बुआई का रकबा 235.44 लाख हेकटेयर से बढ़कर 262.15 लाख हेक्टेयर हो गया। आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23. 78 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 35.02 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी तरह दलहन का रकबा 15.37 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 21.09 लाख हेक्टेयर हो गया है।










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं






























**शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी नामः 'जेबीआईटी'**

जेबीआईटी देहरादून उत्तराखंड का एक प्रीमियर संस्थान है अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त यह संस्थान उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून, श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय एवं उत्तराखंड बोर्ड आफ टेक्निकल एजुकेशन से मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2009 में स्थापित संस्थान में आज लगभग 2000 छात्र अध्यनरत हैं' 16 साल की गुणवत्ता युक्त शिक्षा, नवाचार एवं छात्रों का अच्छा प्लेसमेंट होने के कारण 'भारत सरकार की प्रतिष्ठित संस्था 'नेक' द्वारा संस्थान को ए ग्रेड प्रदान किया गया है' जो संस्थान की शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण को दर्शाता है।















## धामी सरकार के नेतृत्व में उत्तराखण्ड बन रहा है फार्मा हब

# दवाइयों की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा समझौता: डॉ. आर. राजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड को भारत का फार्मा हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, आज खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय, देहरादून में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में बुलाई गई थी।

बैठक की अध्यक्षता अपर आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने की। बैठक में प्रदेश की 30 से अधिक दवा निर्माता इकाइयों के प्रतिनिधि, प्रबंध निदेशक, औषधि विनिर्माण एसोसिएशन के पदाधिकारीगण,



और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य था ख राज्य में हाल ही में सामने आए अधोमानक औषधियों के मामलों की समीक्षा, औषधि गुणवत्ता की स्थिति का विश्लेषण, और औद्योगिक प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए उठाए जा सकने वाले ठोस कदमों पर चर्चा। राज्य के स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा व औषधि प्रशासन, डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा हमारा दृढ़ लक्ष्य है कि आने वाले कुछ वर्षों में उत्तराखंड फार्मा हब के रूप में उभरे। इस दिशा में हम न केवल मौजूदा औषधि निर्माण इकाइयों के विस्तार पर काम कर रहे हैं, बल्कि नए निवेश, उद्योगों के लिए सुविधाजनक नीतियाँ और उच्च गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र तैयार कर रहे हैं। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि उत्तराखंड में फिलहाल लगभग 285 फार्मा यूनिट्स सक्रिय हैं, जिसमें से 242 यूनिट्स डब्ल्यूएचओ से सर्टिफाइड हैं।

**दवा कंपनियां चाहती हैं कि ड्रग एलर्ट ना डालें पोर्टल पर**

दवा निर्माताओं ने सी.डी.एस.सी.ओ. द्वारा जारी किए जा रहे ड्रग अलर्ट को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की।

उनका कहना था कि कई बार बिना जांच की प्रक्रिया पूरी किए, ड्रग अलर्ट सार्वजनिक पोर्टल पर डाल दिए जाते हैं, जिससे फर्म की साख और राज्य की छवि दोनों को नुकसान पहुंचता है। एक उदाहरण के तौर पर कूपर फार्मा के बुप्रेनोरफिन इंजेक्शन का जिक्र किया गया, जिसे अधोमानक और स्प्यूरीयस घोषित किया गया था। बाद में जांच में पाया गया कि वह दवा उत्तराखंड की फर्म द्वारा बनाई ही नहीं गई थी, बल्कि बिहार में अवैध रूप से तैयार की गई थी।

**सरकार दवा उद्योग के साथ, गुणवत्ता जरूरी: ताजबर**

बैठक में राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने सभी दवा निर्माता कंपनियों को दो टूक कहा कि सरकार उद्योग के साथ है, लेकिन राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार का स्पष्ट कहना है कि औषधियों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उत्तराखंड की दवा इकाइयों की छवि पूरे देश में बहुत सकारात्मक है और इसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

**फार्मा सेक्टर को मिलेगा और मजबूत समर्थन**

बैठक में मौजूद दवा निर्माताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार प्रकट किया और कहा कि धामी सरकार की पारदर्शी नीतियों के कारण उत्तराखंड निवेशकों की पसंद बन रहा है।

**अधोमानक दवा व अवैध गतिविधियों पर कड़ा रुख**

समीक्षा बैठक में यह तय किया गया कि जो लोग अधोमानक दवाएं बनाकर राज्य की प्रतिष्ठा खराब कर रहे हैं, उन पर कानूनी कार्रवाई में कोई ढील नहीं बरती जाएगी। विभाग द्वारा ऐसे मामलों की जांच की जा रही है, और दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एमडीडीए अधिकारियों ने की नदी किनारे निर्मित भवनों की जांच



भारी बरसात को देखते हुए लोगों को किया सचेत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश में मौसम विभाग की और से फोन से जारी रेड अलर्ट के बाद भारी बरसात को देखते हुए मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत में नदी किनारे निर्मित भवनों की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

वहां रह रहे लोगों को भी सचेत करने के लिए समस्त अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है।जिस पर अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया गया।

प्राधिकरण सचिव मोहन सिंह बर्निया ने भी अलग अलग स्थानों का निरीक्षण किया और नदी के समीप रह रहे लोगो को सचेत रहने को कहा।

# बरसात की पहली बारिश में ही खुली विभागों की पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** अभी मानसून की दस्तक भर ही हुई है, लेकिन चकराता क्षेत्र की सपीली सड़कें पहले ही पानी-पानी हो गई हैं।

डाकखाना से लेकर चिरमिरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग-707ए की हालत बेहद खराब नजर आ रही है। सड़क के कई हिस्सों पर जलभराव के कारण बड़े-बड़े पानी के ताल बन गए हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के पानी की निकासी के लिए बनी नालियों की हालत भी जर्जर है। जगह-जगह नालियों में गंदगी जमा है, जिसकी सफाई न होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगा है। स्कैबर चौक और अन्य मुख्य मार्गों पर



चकराता क्षेत्र की सपीली सड़कें हो गई पानी-पानी, जलभराव से जूझ रही स्थानीय जनता और पर्यटक

कीचड़ और जलभराव ने स्थानीय जनता और वाहनों की आवाजाही को और भी कठिन बना दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम से पहले ही अगर विभागों ने नालियों की सफाई और सड़क मरम्मत पर ध्यान दिया होता, तो आज यह स्थिति नहीं होती। अब जबकि बरसात की शुरुआत है, आने वाले दिनों में हालात और भी बदतर होने की आशंका है।

नवनीत पांडे अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग डोईवाला खंड ने दूरभाष पे बताया की जल्द ही जेस.ीबी मशीन लगाकर डिस्कवर वह जल भराव की स्थिति को दूर कर दिया जाएगा।

## टीचर्स कॉलोनी सहसपुर की महिलाओं ने घेरा जल संस्थान

**सहसपुर।** टीचर्स कॉलोनी सहसपुर में पिछले 1 महीने से लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं आज टीचर्स कॉलोनी की महिलाओं ने पूर्व प्रधान सुंदर थापा के नेतृत्व में जल संस्थान में घेराव करके नारेबाजी की।सहसपुर में जल जीवन के तहत करोड़ रुपए लगाए गए पूरे गांव की रोडो को खुदाई करके उसमें पाइप लाइन बिछाई गई परंतु उसके बावजूद भी लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है और विभाग कई कई हजार रुपए का बिल ग्राम वासियों को दे रहे हैं पूरे गांव में जिस ठेकेदार ने यह पाइपलाइन डाली थी उसने यह रोड़ों की मरम्मत नहीं की जिससे कि यहां पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

# कांग्रेस ने जाति प्रमाण पत्रों के विषय में हो रही भ्रांतियों पर व्यक्त की चिंता

## संविधान में प्रदत्त अधिकारों में बाधा उत्पन्न करने जैसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के सदस्य व अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य संजय जैन द्वारा वर्तमान में गतिमान पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दौरान जाति प्रमाण पत्रों के विषय में हो रही भ्रांतियों पर चिंता एवं रोष व्यक्त किया गया है।

संजय जैन ने कहा कि 2 अप्रैल 2013 को राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1118 में इस विषय में स्थिति एवं प्रक्रिया पूर्णतया स्पष्ट की गई है। उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या 1024/वर्ष 2011 एवं अन्य रिट याचिकाओं में पारित आदेश 17 अगस्त 2012 के अनुसार जारी शासनादेश में एससी, एसटी व ओबीसी जाति प्रमाण- पत्रों के विषय में स्पष्ट व्यवस्था है। साथ ही उत्तराखंड में विवाहित महिलाओं के विषय में कहा गया है कि स्थायी निवासी में ऐसी पत्नी भी सम्मिलित होगी जो उत्तराखंड के स्थाई निवासी से शादी के उपरांत अपने पति के साथ उत्तराखंड में रहती हो। अत: इस विषय में स्थिति पूर्व में ही पूर्ण रूप से स्पष्ट है।

उन्होंने कहा कुछ व्यक्तियों द्वारा जो भ्रांतियां पैदा की जा रही है, वह महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को संविधान के 74 वें संशोधन द्वारा प्रदत्त अधिकारों में बाधा उत्पन्न करने जैसा है। कॉंग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि संविधान की व्यवस्थाओं एवं भावना की अनुरूप प्रत्येक अर्ह नागरिक, जो चुनाव लड़ने का इच्छुक हो, उसको बिना किसी व्यवधान के प्रशासन द्वारा जाति-प्रमाण पत्र जारी किया जाए। इस हेतु जिला और तहसील प्रसाशन उक्त शासनादेश के अनुसार त्वरित करनी सुनिश्चित करे।

# कपकोट व थराली को उप जिला चिकित्सालय की सौगात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे में स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देते हुये राज्य सरकार ने दो और चिकित्सा इकाईयों के उच्चीकरण को मंजूरी दे दी है। जिसके तहत बागेश्वर जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट तथा चमोली जनपद में सीएचसी थराली को उच्चीकृत कर उप जिला चिकित्सालय बनाया जायेगा। इन दोनों चिकित्सा इकाईयों के उच्चीकरण से स्थानीय लोगों, पर्यटकों एवं चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा तंत्र को मजबूत करने और आम लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटी है। साथ ही सरकार छोटी चिकित्सा इकाईयों को उच्चीकृत कर उन्हें सुविधा सम्पन्न बना रही है, ताकि स्थानीय स्तर पर आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में सरकार ने चिकित्सा इकाईयों के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारीकरण के तहत जनसंख्या मानकों में शिथिलता देते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट और थराली के उच्चीकरण को मंजूरी दे दी है। इन दोनों चिकित्सा इकाईयों को सीएचसी से उप जिला चिकित्सालय बनाया जायेगा। दोनों चिकित्सा इकाईयों के उच्चीकरण से आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही लोगों को उपचार के लिये दूसरे अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कपकोट का उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकरण होने से स्थानीय लोगों के अलावा पिथौरागढ़ जनपद के सीमावर्ती गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा सीएचसी थराली को उप जिला अस्पताल में उच्चीकृत कर इसे नवीन स्थान कुलसारी में स्थापित किया जायेगा। जिससे चमोली जनपद के तीन विकासखण्डों थराली, देवाल एवं नारायणबगड़ को सीधा लाभ पहुंचेगा। साथ ही चार धाम यात्रा के लगभग दो लाख तीर्थ यात्री व पर्यटकों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया हो सकेगी।

# जोशी ने किया भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गढ़ी कैंट क्षेत्र के बनिया बाजार, बीरपुर और विवेक विहार, जाखन का दौरा कर विगत दिवस हुई मूसलाधार बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मसूरी मुख्य मार्ग पर मालसी पुल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थानीय निवासियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

बनिया बाजार, बीरपुर में निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने मंत्री को बताया कि हर वर्ष बरसात में नाले का पानी घरों में घुस जाता है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर मंत्री जोशी ने सेना स्टेशन मुख्यालय और छावनी परिषद को निर्देश दिए कि बरसाती पानी की निकासी के लिए एक समुचित योजना बनाई जाए और उसका शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने प्रभावित परिवारों को तात्कालिक सहायता राशि के चेक भी वितरित किए। जिसमें रेखा भण्डारी, वीर बहादुर गुरुंग, कुसुम वर्मा, मोहिनी शाही, गुम बहादुर गुरुंग, रितिका कनोजिया, अतुल कुमार मिश्रा, दल बहादुर क्षेत्री तथा पूजा शर्मा को प्रत्येक को रुपये 5000 की त्वरित सहायता राशि दी गयी। इसकी अलावा कैबिनेट मंत्री ने अपने निजी सहयोग से प्रभावित परिवारों को तिरपाल प्रदान की, ताकि बारिश के दौरान भू-कटाव से मदद हो सके। इसके बाद जोशी दून विहार वार्ड के विवेक विहार पहुंचे, जहां तेज बारिश के कारण पुश्ता क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने मौके पर तहसील, नगर निगम के अधिकारियों को नाला की त्वरित सफाई एवं पुश्ते के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए।

इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने दो प्रभावित परिवारों को तात्कालिक सहायता राशि के चेक भी वितरित किए। जहां किशन थापा तथा अशरफ अली को रुपये 11500 की त्वरित सहायता प्रदान की गयी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता ओपी सिंह, ईई जितेंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार सुरेन्द्र देव, नगर निगम की ईई रचना पयाल, मनीष दरियाल, मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, विष्णु प्रसाद गुप्ता, वंदना ठाकुर, पूर्व पार्षद संजय नौटियाल निर्मला भट्ट, महामंत्री मनोज क्षेत्री, अनुराग सिंह सहित कई क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## मालसी के नए पुल निर्माण की डीपीआर तैयार करने के दिए निर्देश

**देहरादून।** काबीना मंत्री जोशी ने निरीक्षण के क्रम में मसूरी रोड़ स्थित मालसी पुल का भी जायजा लिया, जो तेज बारिश के कारण एक तरफ से क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने मौके पर उपस्थित अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा सहित लोनिवि के अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि यह देहरादून मसूरी मार्ग एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर यात्रियों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है। उन्होंने मालसी में नए पुल के निर्माण के लिए आंगणन और डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जा सके और आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो।

## डबल इंजन की सरकार हर परिस्थिति में जनता के साथ

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आपदा की स्थिति में पीड़ितों को त्वरित राहत और दीर्घकालिक समाधान मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी की जाए, ताकि समय रहते राहत और बचाव कार्य किए जा सकें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं प्रदेश के हर क्षेत्र की जानकारी ले रहे हैं।

## उत्तरकाशी: यमुनोत्री हाईवे समेत एक राज्य मार्ग व 13 सड़कें बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** बीते शनिवार रात्रि को जिले भर में हुई मूसलाधार बारिश से पूरा जन- जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश अब खतरे की दस्तक देने लगी है। जिला आपदा परिचालन विभाग से मिली जानकारी अनुसार जनपद में यमुनोत्री हाईवे सिलाई बैंड क्षेत्र में तीन स्थलों पर पर वाशआउट होने के कारण यातायात दूसरे दिन भी बाधित रहा है। वहीं राज्य मार्ग सिल्क्यारा, समेत 13 ग्रामीण सड़कें अभी भी बंद है। बड़कोट तहसील के अन्तर्गत पीएमजेएसवाई राजगढ़ी -सरनौल मोटर मार्ग मणपा कोटी, और गंगराली साईड से बुरी तरह क्षतिग्रस्त है।

उधर कुपड़ा -कुंशाला, त्रिखिली मोटर पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने से सड़क बंद है। इधर गीठ क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन प्रेषित कर पाली गांव, ओजरी और स्याना चट्टी में हुई अतिवृष्टि के आंकलन की मांग उठाई है। वहीं पाली गांव वासियों की पेयजल लाइन को तत्काल सुचारू बनाने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि स्याना चट्टी में यमुना जी का प्रवाह रुकने के



कारण जो झील बन रही है उसको कैसे रोका जाय उसकी निकासी एवं सुरक्षा के ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में महाबीर पंवार माही, रणबीर सिंह रावत पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुर्सिल, हरीश बिजल्वाण, हरि आदि के हस्ताक्षर थे।



## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने को विभिन्न विभागों ने किया माक ड्रिल का आयोजन

**विकासनगर।** बरसात का मौसम पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में हर साल प्राकृतिक आपदाओं की चुनौती लेकर आता है। ऐसे में संभावित संकट से निपटने के लिए सरकार और प्रशासन पहले से सतर्क दिखाई दे रहा है। जिसके चलते विकासनगर में आज एक माक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों ने आपसी समन्वय के साथ आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा गया।बारिश शुरू होते ही उत्तराखंड में भूस्खलन, नदियों में उफान और अचानक बाढ़ जैसी आपदाएं आम हो जाती हैं। इन्हीं खतरों से निपटने की तैयारी के तहत विकासनगर में आज तहसील प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मॉक ड्रिल की गई।

ड्रिल के दौरान एक आपातकालीन परिदृश्य खड़ा किया गया। जिसमें अचानक भारी बारिश से एक इलाके में नदी में जलस्तर बढ़ने और उसके कुछ व्यक्तियों के फंसे होने की सूचना पर राहत-बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। ड्रिल के जरिए न केवल विभागीय तालमेल का परीक्षण किया गया, बल्कि स्थानीय लोगों को भी सजग रहने और प्राथमिक प्रतिक्रिया देने का प्रशिक्षण दिया गया।

## मानसून के बीच चुनाव को लेकर चकराता विधायक ने सरकार पर बोला तीखा हमला

**विकासनगर।** चकराता विधायक और कांग्रेस के कद्दावर नेता प्रीतम सिंह ने आज विकासनगर में अपनी विधानसभा क्षेत्र के संभावित पंचायत प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर पंचायत चुनाव में देरी, आरक्षण में उलझाव और मानसून के बीच चुनाव कराने को लेकर तीखा हमला बोला। विकासनगर में आयोजित इस बैठक में प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकार ने पंचायत चुनाव जानबूझकर टाले, आरक्षण सूची में विवाद खड़ा किया और मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा दिया। अब जब मानसून पहाड़ों में तबाही मचा रहा है, सड़कें टूट रही हैं, गांव कट रहे हैं, तब चुनाव कराए जा रहे हैं, जो दर्शाता है कि सरकार को जनता की परवाह नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का संगठन गांव-गांव तक मजबूत है और इस बार पंचायतों में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

**सरकार ने पंचायत चुनाव आरक्षण सूची में खड़ा किया विवाद: प्रीतम सिंह**

# खिलाड़ियों को सीएम धामी देंगे सौगात, फलेंगे-फूलेंगे खेल

## प्रदेश के 8 शहरों में 23 अकादमी व विश्वविद्यालय निर्माण की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कार्यकाल के पांचवें साल में खेल-खिलाड़ियों को सौगात देने जा रहे हैं। सौगात भी एक नहीं, बल्कि दो-दो। इनमें पहली सौगात हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय के निर्माण से जुड़ी है, जिसके खेल दिवस पर शिलान्यास की तैयारी है। दूसरी सौगात, प्रदेश के 23 खेल अकादमी खोलने से जुड़ी हैं। राष्ट्रीय खेलों के दौरान देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी समेत जिन आठ शहरों में खेल गति. विधियां संचालित हुई और आधारभूत ढांचा तैयार हुआ, वहीं पर ये अकादमी खोली जाएंगी। इसके दो फायदे होंगे। एक, खेल के लिए तैयार बुनियादी ढांचे का बेहतर रख-रखाव हो सकेगा। दो, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए ठोस प्लेटफार्म तैयार हो सकेंगे।

धामी के कार्यकाल के चौथे साल में उत्तराखंड ने खेल की दुनिया में ऊंची छलांग लगाई है। राष्ट्रीय खेलों का भव्य आयोजन से उत्तराखंड की खेलों की दुनिया में हैसियत बढ़ गई है। खेल के शानदार माहौल को अपने कार्यकाल के पांचवें साल में भी बनाए रखने के प्रति मुख्यमंत्री गंभीर है। इसलिए चाहे हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय का निर्माण हो या फिर आठ शहरों में 23 खेल अकादमी खोलने की बात, दोनों विषयों पर पर्याप्त तेजी दिखाई दे रही है। खेल विश्वविद्यालय की तो बकायदा अधिसूचना जारी हो चुकी है। इसी तरह, 23 अकादमी भी सरकार खोलने जा रही हैं। इन दोनों महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को अमली जामा पहनाने के लिए तेजी से काम चल रहा है।

उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में भी जाना जा रहा है, यह हमारे लिए सुखद अहसास है। राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजन के बाद प्रदेश में खेल का बेहतर माहौल है। खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा है और वे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। खेल-खिलाड़ियों के विकास के लिए बडे़ निर्णय लेने और उन्हें अमली जामा पहनाने का क्रम जारी रहेगा...

**पुष्कर सिंह धामी,**
**मुख्यमंत्री।**



**मॉक ड्रिल में विभागों के बीच दिखा शानदार समन्वय**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बाढ़ तथा जलभराव से सबसे अधिक प्रभावित रहने वाले राज्य के पांच जनपदों में सोमवार को मॉक ड्रिल की गई। मानसून अवधि में घटित होने वाली विभिन्न आपदाओं का बेहतर तरीके से सामना करने के उद्देश्य से यह मॉक ड्रिल हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल, देहरादून तथा चम्पावत जनपद में 23 स्थानों पर आयोजित की गई।

## मुख्यमंत्री के दो लोकप्रिय कदम

**नई खेल नीति**

वर्ष 2021 में घोषित नई खेल नीति में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पर खास फोकस किया गया। ओलंपिक के पदक विजेताओं के लिए एक से लेकर दो करोड़ तक की प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था की गई है। अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक लाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जा रही है। खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि दुगना हुई है और छात्रवृत्ति भी दी जा रही है। इस नीति की यह भी आकर्षक बात है कि बड़ी स्पर्धाओं में भाग लेने मात्र से खिलाड़ी प्रोत्साहन राशि का हकदार हो जा रहा है। फिर चाहे उसे पदक मिले या ना मिले।

**38 वें राष्ट्रीय खेल**

उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष में उत्तराखंड की धरती पर 38 वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन धामी सरकार की सबसे बड़ी खेल उपलब्धि रही। भव्य आयोजन हुआ और हमारे खिलाड़ियों ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गोवा में पिछले राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने सिर्फ 24 पदक जीते थे, लेकिन इस बार उसने पदकों का शतक लगाकर तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन से खेल सुविधाओं का विस्तार हुआ और ऐसा आधारभूत ढांचा उपलब्ध हो गया, जो कि खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

# लापता मजदूरों की खोज दूसरे दिन भी जारी

## डीएम, एसपी ने रेस्क्यू अभियान का किया स्थलीय निरीक्षण

यमुनोत्री हाईवे भूस्खलन **हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री हाईवे पर स्थित सिलाई बैंड के पास रविवार को हुए भूस्खलन में लापता मजदूरों की खोज एवं बचाव अभियान दूसरे दिन भी युद्धस्तर पर जारी है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सोमवार को अधिकारियों के साथ घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को सर्च एवं रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने ईई एनएच को मंगलवार तक यमुनोत्री नेशनल हाइवे को सिलाई बैंड तक यातयात के लिए बहाल करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने स्यानचट्टी में पानी की निकासी के लिए सिंचाई विभाग को तत्काल कार्य करने के निर्देश दिए।

बता दें कि बीते रविवार रात्रि को 29 मजदूर प्रभावित हुए थे, जिसमें से 20 मजदूरों को सुरक्षित निकाला जा चुका है, जबकि 2 मजदूरों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। शेष 7 लापता मजदूरों की खोज लगातार की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में लापता व्यक्तियों की खोज में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने मौके पर तैनात सभी अधिकारियों एवं बचाव दल को पूर्ण समन्वय और सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों एवं अवरुद्ध सड़क मार्ग को युद्ध स्तर पर खोलने के लिए पोकलैंड, जेसीबी मशीन तथा अन्य आवश्यक उपकरणों को तैनात किया गया है। जिला प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सिलाई बैंड क्षेत्र में तीन स्थलों पर सड़क के वाशआउट होने के कारण यातायात बाधित हुआ है। सड़क मार्ग को यातयात के लिए सुचारू करने हेतु युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण मलबा और बोल्डर पुन: गिरने से कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा अथक प्रयास किए जा रहे हैं तथा यदि मौसम अनुकूल रहा तो कल तक सिलाई बैंड तक वाहनों की आवा. जाही बहाल कर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ओजरी क्षेत्र में सड़क के वाशआउट होने के दृष्टिगत वहां वैकल्पिक मार्ग निर्माण हेतु आईटीबीपी एवं वन विभाग को जरूरी निर्देश दिए हैं, ताकि प्रभावित क्षेत्र में पैदल मार्ग से सुरक्षित आवगमन व्यवस्था शीघ्र सुचारू की जा सके।

निरीक्षण के दौरान एसपी सरिता डोबाल, एसडीएम बृजेश तिवारी, ईई एनएच मनोज कुमार रावत, ईई यूपीसीएल धर्मवीर सिंह, ईई सिंचाई पन्नी लाल बंगारी, समन्वयक आपदा जय पंवार सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।




यमुनोत्री हाईवे के पास रेस्क्यू टीम लापता 7 श्रमिकों की दूसरे दिन सर्च अभियान चलाते हुए

### एसपी ने यमुनोत्री रूट के लैंड-स्लाइडिंग जोन का लिया जायजा

**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल सोमवार को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न लैण्डस्लाईड जोन का निरीक्षण करते वहां पर सुरक्षात्मक उपाय का जायजा लिया गया। डेंजर जोन मे कार्यरत पुलिस व अन्य एजेन्सियों के कार्मिकों को अवरुद्ध मार्ग को जल्द से जल्द सुचारु करने तथी सुरक्षित यातायात प्रबन्धन के निर्देश दिये गये। बरसात के मध्यनजर ऐसे स्थलों पर सतर्कता तथा सजगता के साथ कार्य करने की हिदादत दी गयी। पुलिस बल को अत्यधिक बारिश, लैंडस्लाईडिंग तथा मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रुकवाने के निर्देश दिये गये। पिछले 1-2 दिन से लगातार बारिश से यमुनोत्री हाइवे पर कई जगह पर भू-स्खलन/लैंडस्लाईड तथा हाईवे वाश आउट हो गया है, ऐसे स्थलों का निरीक्षण करते हुये एसपी उत्तरकाशी महोदया द्वारा वहां पर सुरक्षात्मक प्रबन्धन का जायजा तथा आंकलन किया गया है। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक बडकोट देवेन्द्र सिंह नेगी, थानाध्यक्ष बडकोट दीपक कठैत, यातायात उपनिरीक्षक विरेन्द्र सिंह पंवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## चारधाम यात्रा सुरक्षित रूप से है सुचारूः मंडलायुक्त

### सीएम के निर्देश, यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा सोमवार को फिर से सुचारू कर दी गई है। सुरक्षित और सुगम यात्रा को लेकर राज्य की पुष्कर धामी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने चार धाम यात्रा के सोमवार को फिर से जारी रहने की जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग के भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए सावधानी पूर्वक रविवार को एक दिन के लिए चारधाम यात्रा को रोक लगाई गई थी। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी जरूरतों और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया। सोमवार को मौसम को देखते हुए यात्रा को जारी कर दिया गया है लेकिन साथ ही सभी संबंधित जिला अधिकारियों को ये अधिकार रहेगा कि वे अपनी स्थानीय हालात को देखते हुए यात्रा रोकने या जारी रखने का निर्णय ले सकते हैं।

#### अब तक आए 37 लाख यात्री

गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रा पर अब तक 37 लाख यात्री आए हैं, इस संख्या को देखते हुए माना जा सकता है कि पिछले वर्ष का रिकॉर्ड टूटने वाला है। उन्होंने कहा कि रविवार को यात्रा स्थगित करने का हमने 60 हजार यात्रियों को जानकारी के लिए एक साथ मैसेज भेजा था, ये यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का ही एक हिस्सा है। साथ ही इस बार ग्रीन यात्रा अभियान के तहत प्लास्टिक का प्रयोग ना हो इसकी भी लगातार को. शिश हो रही है।

**गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने कहा- सुरक्षित यात्रा जरूरी**

#### यात्रियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

मंडलायुक्त का कहना है कि मुख्यमंत्री ने सख्ती से निर्देश दिए हैं कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए हमने यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए रविवार को यात्रा सावधानीपूर्वक रोकी थी। जो संवेदनशील स्थान हैं वहां पर हमारी सुरक्षित निकासी आदि और व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तैयारी है, यात्रियों की संख्या महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि सुरक्षित यात्रा महत्वपूर्ण है।

#### नए यात्री रखें ध्यान

नए यात्रियों के लिए संदेश है कि पर्यटन विभाग की वेबसाइट को देख लें, 14 भाषाओं में हमने तैयार किया है। साथ ही क्या करना है क्या नहीं करना है उसका भी ध्यान रखें नये यात्री, ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो।

## आईएफएस चतुर्वेदी के केस से 14वें जज ने भी खींचे हाथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारतीय सिविल सेवा अधिकारी और मैग्सेसे पुरस्कार विज. ता संजीव चतुर्वेदी से जुड़े एक मामले में 14वें न्यायाधीश ने स्वयं को अलग कर लिया है। नैनीताल के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नेहा कुशवाहा ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस मामले से खुद को अलग कर लिया।

चतुर्वेदी ने नवंबर 2023 में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के सदस्य मनीष गर्ग के खिलाफ एक आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया था। चतुर्वेदी ने आरोप लगाया था कि गर्ग ने 16 अक्टूबर, 2023 को खुली अदालत में उनके खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। एसीजेएम कुशवाहा ने अपने निर्णय में कहा कि उनकी कैट सदस्य डीएस मेहरा के साथ पारिवारिक संबंध हैं, जो अक्सर उनके आधिकारिक आवास पर आते हैं। यह पारिवारिक संबंध विशेष रूप से प्रासंगिक है क्योंकि डीएस मेहरा की पीठ ने अक्टूबर 2024 में चतुर्वेदी के खिलाफ आपराधिक अवमानना नोटिस जारी किया था।



चतुर्वेदी, जिन्होंने भ्रष्टाचार को उजागर करने के अपने काम के लिए 2015 में प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त किया था, ने अपनी सेवा के दौरान अभूतपूर्व संख्या में न्यायिक निर्णयों का सामना किया है।

अब तक, विभिन्न न्यायिक स्तरों पर 14 न्यायाधीशों ने उनकी मामलों की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। फरवरी 2025 में, कैट न्यायाधीशों हरविंदर कौर ओबेरॉय और बी आनंद ने चतुर्वेदी के मामलों से खुद को अलग कर लिया, बिना कोई कारण बताए। इसी तरह, फरवरी 2024 में, उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने भी बिना कारण बताए चतुर्वेदी के डेपुटेशन से संबंधित मामलों की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इस मामले में न्यायिक निर्णयों की यह पुनरावृत्ति महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है कि क्या भारत की न्यायिक प्रणाली में व्हिसलब्लोअर्स के लिए न्याय तक पहुंच में चुनौतियां हैं।

## महेंद्र का फिर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनना तय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव एवं राष्ट्रीय परिषद में नामांकन की प्रक्रिया सोमवार को संपन्न हो गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए केवल महेंद्र भट्ट ने ही नामांकन किया है।

भट्ट का दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनना तय है। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया, जिसके प्रस्ताव मुख्यमंत्री पुष्कर धामी समेत पूर्व मुख्यमंत्री और सभी सांसदों ने किया। कल (आज) होने वाली प्रांतीय बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक की मौजूदगी में सभी नामों का ओपचारिक अनुमोदन किया जायेगा।

प्रदेश चुनाव अधिकारी खजान दास ने बताया कि संगठन पर्व की पूर्व निर्धारित अधिसूचना के अनुसार आज पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के लिए महेंद्र भट्ट व 8 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न की गयी। महेंद्र भट्ट ने एकमात्र उम्मीदवार के रूप में फार्म दाखिल किया।

इस दौरान 5 सेटों में दाखिल उनके नामांकन पत्र में 10 अलग अलग प्रस्तावकों ने हस्ताक्षर किए। जिसमें सभी सेटों के मुख्य प्रस्तावक मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व गढ़वाल लोकसभा सांसद अनिल बलूनी, अल्मोड़ा सांसद अजय भट्ट, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा शामिल हुए।

इसके अलावा अन्य प्रस्तावक के रूप में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, पूर्व सीएम डा. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कल्पना सैनी, टिहरी लोकसभा सांसद महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह, प्रदेश सरकार में कैनिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक विशन सिंह चुफाल, विधायक विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, विनोद कंडारी, राम सिंह कैड़ा, महंत दिलीप सिंह रावत व बृजभूषण गैरोला शामिल रहे।



आज प्रांतीय परिषद की बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा की और से औपचारिक घोषणा की जाएगी। जिसमें उपस्थित प्रांतीय सदस्यों की और से प्रदेशाध्यक्ष के नाम का अनुमोदन किया जाएगा।

इस पूरी संगठन चुनाव प्रक्रिया के दौरान, सह चुनाव अधिकारी पुष्कर काला, मीरा रतूड़ी, राकेश गिरी के साथ सरकार में दायित्वधारी ज्योति गैरोला, सुभाष बड़थ्वाल, कुलदीप कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, प्रदेश कार्यालय सचिव कौस्तुभा नंद जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे ।

**राष्ट्रीय परिषद के लिए इन 8 सदस्यों का हुआ नामांकन**

**देहरादून।** राष्ट्रीय परिषद सदस्य के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, पूर्व सीएम डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, अजय भट्ट, माला राज्य लक्ष्मी शाह व डॉ. कल्पना सैनी ने नामांकन किया।

## सूचना विभाग में 6 कार्मिकों को मिला प्रमोशन, आदेश जारी

**डीजी सूचना बंशीधर तिवारी ने दी पदोन्नत होने वालों को बधाई, प्रशांत रावत, अंकित कुमार, आरती गुणवंत सहित छह पदोन्नत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सूचना विभाग के 6 अधिकारी-कर्मचारियों का प्रमोशन हो गया है। सोमवार को सूचना विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने प्रमोशन के आद. श जारी कर दिये हैं। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रधान सहायक प्रशान्त रावत को प्रशासनिक अधिकारी, वैयक्तिक सहायक अंकित कुमार, विजय झिंक्वाण, आरती गुणवंत को वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक, वरिष्ठ सहायक मुकेश कुमार को प्रधान सहायक एवं संवीक्षक राजीव कोली को अनुवादक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने सभी पदोन्नत कार्मिकों बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्मिक अपने पदीय दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करे। पदोन्नत हुए कार्मिकों को अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक के.एस.चौहान, डॉ. नितिन उपाध्याय, उप निद. शक मनोज कुमार श्रीवास्तव, रवि बिजारनिया सहित सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा बधाई दी। सूचना कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कैलाश सिंह रावत व महामंत्री अंकित कुमार ने कार्मिकों की पदोन्नति को महा. निदेशक सूचना का आभार व्यक्त किया है। कैलाश रावत ने संघ के सभी पदाधिकारियों की तरफ से पदोन्नत हुए कार्मिकों को बधाई दी है।

### विकसित भारत 2047: अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी व अनुप्रयोग सम्मेलन-2025

## उत्तराखंड बन सकता है स्पेस टेक्नोलॉजी फ्रेंडली स्टेटः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** विकसित भारत 2047 के निर्माण के लिए हिमालयी राज्यों के परिप्रेक्ष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयोग अंतरिक्ष सम्मेलन 2025 सोमवार को मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए साथ ही इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देश भर से आए वैज्ञानिकों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत/2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुसंधान तक सीमित न रहकर संचार, कृषि, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला द्वारा तिरंगा फहराने पर इसरो समेत समस्त वैज्ञानिकों को बधाई दी और इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि शुभांशु शुक्ला का मिशन गगनयान व भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश झा, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत एवं वैज्ञानिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए इसरो और यूकास्ट द्वारा विक. सित डैशबोर्ड का शुभारंभ किया तथा इसरो द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमा. चन भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार विज्ञान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है और प्रदेश में साइंस सिटी, साइंस एवं इनोवेशन सेंटर, एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन व अन्य अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर कार्य तेजी से चल रहा है।

**मुख्य सचिव ने साइंस सेंटर गोद लेने का आग्रह किया**

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी को अपनाने और इसके लिए स्थाई वैज्ञानिक अधोसंरचना को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसरो से राज्य के कुछ साइंस सेंटर को गोद लेने से कार्टोसैट के 50 सेमी या इस तरह के रेजोल्यूशन की उपलब्ध इमेजरी को रियल टाईम व गैर व्यावसायिक आधार पर राज्य को उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया।

**आज भारत के पास हैं अपने 131 सैटेलाइटः डॉ. नारायणन**

इसरो चेयरमैन डॉ. वी नारायणन ने कहा कि 1963 में भारत ने पहला रॉकेट लॉन्च किया था। 1963 से अब तक भारत ने 100 से अधिक रॉकेट लॉन्च किए हैं। 1975 तक हमारे पास अपने कोई सेटेलाइट नहीं थे, लेकिन अब भारत के पास अपने 131 सैटेलाइट हैं। टीवी ब्रॉडकास्ट से लेकर हर जगह सैटेलाइट बड़े पैमाने पर मददगार साबित हो रहे हैं। इसरो द्वारा ह्यूमन स्पेस प्रोग्राम पर कार्य किया जा रहा है। उस रॉकेट पर कार्य किये जा रहे हैं, जो पृथ्वी की लोअर ऑर्बिट पर 75 हजार किलो तक के सेटेलाइट को लॉन्च करेगा, जिसे करीब 27 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इसरो चेयरमैन ने कहा कि एक समय था जब हमारे रॉकेट साइकिल से ले जाए करते थे, पर आज भारत ने कई विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। हमारा लक्ष्य 2030 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाने एवं 2040 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने का है।

## सरकार का फैसला जनता की जान जोखिम में डालने जैसाः यशपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को पहले सात महीने तक टालने और अब उन्हें मानसून के चरम समय में कराने का फैसला प्रदेश की जनता के जीवन को खतरे में डालने जैसा है।

उन्होंने कहा कि इस समय उत्तराखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते नदियां-नाले उफान पर हैं, जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है और बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कई सड़क मार्ग बाधित हैं, पुल टूट चुके हैं और अनेक गांवों का संपर्क जिला मुख्यालयों से पूरी तरह कट गया है।

**पहली बरसात में ही अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन**

आर्य ने कहा कि पहले ही चरण की बरसात में प्रदेश भर का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कें सुरक्षित नहीं हैं और कई लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। ऐसे में चुनाव के दौरान की स्थिति की भयावहता की कल्पना करना भी मुश्किल है। आर्य ने सवाल उठाया कि जब प्रदेश में भारी वर्षा से सड़कें टूटी होंगी तो हजारों प्रत्याशी ख्र जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी होंगी, कैसे नामांकन करेंगी और प्रचार कैसे संभव होगा?

### भारी बरसात में पंचायत चुनाव पर सवाल



**क्या सरकार सुरक्षा की गारंटी लेगी: आर्य**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की परंप. रा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की होती है, लेकिन सरकार का यह फैसला आम लोगों, प्रत्याशियों और कर्मचारियों की जान को खतरे में डाल रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार इन सभी की सुरक्षा की गारंटी लेगी?

### चुनाव टालने की मंशा से किया गया खेल

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर पंचायत चुनावों को जानबूझकर टालने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पिछले वर्ष अक्टूबर से ही समय पर चुनाव कराने की मांग कर रही थी, लेकिन सरकार ने जानबूझकर पहले 6 महीने तक प्रशासक बिठाए और फिर मई में एक साल का विस्तार अध्यादेश के माध्यम से करना चाहा, जिसे राज्यपाल ने असंवैधानिक मानकर खारिज कर दिया।

## किशोर बने कांग्रेस के गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने राज्य में सम्पन्न हो रहे पंचायत चुनावों के दृष्टिगत पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवान को गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकान्त धस्माना ने बताया कि पंचायत चुनावों में इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया मे पार्टी का पक्ष मजबूती से रखने के दृष्टिकोण से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने पार्टी प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवान को पंचायत चुनाव का गढवाल मंडल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। महरा ने गिरिराज किशोर हिंदवान से अपेक्षा की है कि वे सभी जिला मुख्यालयों में पत्रकार वार्ता के माध्यम से पंचायत चुनावों में पार्टी का पक्ष मजबूती से रखेंगे।

## सहकारिता मंथन में डॉ. रावत ने गिनाई राज्य की उपलबिध्यां

### कहा, सूबे के 12 लाख किसानों को बांटा ब्याज मुक्त ऋण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/देहरादून।** नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मंथन कार्यक्रम में प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सहकारिता के क्षेत्र में राज्य की उपब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं को प्रभावशाली रूप से रखा। उन्होंने केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के समक्ष त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय का परिसर प्रदेश में खोलने का भी प्रस्ताव रखा।

भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित मंथन कार्यक्रम में डॉ रावत ने कहा कि उत्तराखंड पहला राज्य है जहां सहकारिता के क्षेत्र में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है। राज्य में मिलेट्स मिशन के तहत किसानों की आमदनी में कई गुना इजाफा हुआ है। जहां एक समय पर पहले किसान अपने मंडुवा को रूपये 10 प्रति किलो के हिसाब से बेचते थे, आज किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से घर से ही 42 रुपए प्रति किलो कि दर से खरीद की जा रही है इससे उत्तराखंड में मिलेट्स उत्पादन में किसानों की रुचि फिर बढ़ गई है.



डॉ. रावत ने बताया कि 3 लाख और 5 लाख का तक का ब्याज मुक्त ऋण बांटा जा रहा है। राज्य में अभीतक 12 लाख किसानों को साढ़े 6 हजार करोड़ ऋण वितरित किया जा चुका है।

डॉ. रावत ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय का एक कैम्पस राज्य में स्थापित किये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने राज्य में आयोजित होने वाले सात दिवसीय सहकारी मेले में सभी राज्यों व सहकारी संस्थाओ को आमंत्रित किया, साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया।

# बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ा

## चेतावनी स्तर से डेढ़ मीटर नीचे 291.5 मीटर पर बह रही गंगा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। हरिद्वार में गंगा 291.5 मीटर पर बह रही है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारी पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस और प्रशासन की ओर से गंगा तटों के आसपास रहने वाले लोगों को सचेत किया जा रहा है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से भी बारिश को लेकर 2 दिन का रेड अलर्ट जारी किया गया है। लगातार हो रही बारिश के चलते हरिद्वार में गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। भीमगौडा बैराज पर गंगा उफान पर दिख रही है। अगर बारिश इसी तरह जारी रही तो गंगा का जलस्तर वार्निंग लेवल पार कर सकता है। यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारी भीमगोडा बैराज से गंगा के जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ भारत भूषण शर्मा ने बताया कि गंगा का जलस्तर वर्तमान में 291.5 मीटर है। जबकि चेतावनी स्तर 293 मीटर और खतरे का निशान 294 मीटर पर है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। जिला प्रशासन और अन्य विभागों के साथ निरंतर संपर्क कायम किया गया है। फ्लड कंट्रोल रूम भी चौबीस घंटे कार्य कर रहा है।

# प्रशासन ने आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं को मॉकड्रिल के जरिये परखा

## टीम द्वारा विष्णु घाट में फंसे 300 श्रद्धालुओं को राहत एवं बचाव टीम ने सुरक्षित निकाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सचिव आपदा के निर्देशानुसार व जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद में पांच स्थानों पर वर्षाकाल में बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति में राहत एवं बचाव की तैयारियों को परखने के लिए मॉकड्रिल आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉकड्रिल उपलब्ध संसाधनों के उपयोग, रेस्पोन्स टाईम तथा सभी प्रकार की तैयारियों को परखने का सशक्त माध्यम है, जिससे अपने मजबूत व कमजोर पक्ष को परखते हुए अपनी कमियों को दूर करते हैं।

विष्णु घाट पर आयोजित मॉक अभ्यास में पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचना मिली कि गंगा नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण 15-20 व्यक्तियों के नदी में फंसे बहने की सूचना मिली। राहत एवं बचाव कार्य हेतु स्टेजिंग एरिया ऋषिकुल मैदान को बनाया गया तथा रिलीफ सेंटर भल्ला इण्टर कॉलेज को बनाया गया। सूचना प्राप्त होते ही इन्सीडेंट कमाण्डर एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आईआरएस को एक्टिवेट करते हुए भीमगौड़ा बैराज से जल स्तर कण्ट्रोल करने तथा स्टेजिंग एरियां से जेसीबी, एम्बुलेंस, राफ्ट सहित जल पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी, आपदा मित्रों, एसडीआरएफ आदि के 30 सदस्य दल को राहत एवं बचाव कार्य हेतु भेजा गया। टीम द्वारा विष्णु घाट में फंसे 300 श्रद्धालुओं को राहत एवं बचाव टीम द्वारा सुरक्षित निकाला गया और 47 व्यक्तियों को भल्ला इण्टर कॉलेज में ठहराया गया। घाटना में 11 व्यक्ति घायल व 3 व्यक्तियों की मृत्यु होना दर्शाया गया।



जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि नदियों का जल स्तर बढ़ने की स्थिति में नदियों के किनारे न जायें, वर्षाकाल में मौषक का पूर्वानुमान की जानकारी लेकर ही यात्राएं करें तथा बारिश को मौसम में कम से कम यात्रा करने का प्रयास करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य हेतु शुरूआत का समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसलिए नागरिक आपदाओं से बचाव एवं राहत के प्रति जितने त्यादा सजग होंगे आपदा से नुकसान की सम्भावना उतनी ही अधिक कम होगी। इस दौरान जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी, एससी पंकज गैरोला, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकस अधिकारी वेदप्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आरके सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नलिनी ध्यानी, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत आदि उपस्थित थे, जबकि विभिन्न अधिकारी घटना स्थल, स्टेजिंग एरिया व राहत कैम्प में उपस्थित थे।

# डीएम ने लापरवाही पर रोका पांच अधिकारियों का वेतन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दिखती ने सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवम् सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त समस्याओं की विभागवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान समस्याओं के निस्तारण में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक, चकबंदी अधिकारी रुड़की, अधिशासी अधिकारी शिवालिक नगर, तहसीलदार हरिद्वार तथा रुड़की का माह जून का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवम् लेटलतीफी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का समयबद्धता से निस्तारण करते हुए जनता को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु अधिकारी स्वयं समस्या पंजीकृत कराने वाले व्यक्तियों से दूरभाष पर वार्ता करें और समस्या का प्रभावी निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारियों द्वारा की जा रही कॉल्स की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही हैं। उन्होंने जब समस्याओं का प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

# देवभूमि बधिर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप अरोड़ा बने आईएसएलआरटीसी के सदस्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देवभूमि बधिर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप अरोड़ा को केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन केंद्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने इंडियन साइन लैंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (आईएसएलआरटीसी) नई दिल्ली की एग्जीक्यूटिव काउंसिल में सदस्य नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। आठ सदस्यीय कार्यकारिणी परिषद में संदीप अरोड़ा एकमात्र मूक बधिर सदस्य हैं। एग्जीक्यूटिव काउंसिल में संदीप अरोड़ा के साथ एक डायरेक्टर, 2 संयुक्त सचिवों और 2 राष्ट्रीय मूक बधिर शिक्षण संस्थान और 2 अन्य संगठनों के व्यक्ति को भी कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। सभी 8 सदस्य मंत्रालय के अधीन आईएसएलआरटीसी के नियमों एवं उपनियमों में उल्लिखित शक्तियों का प्रयोग कर कार्य करेंगे। संदीप अरोड़ा ने बताया कि भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) का मुख्य कार्य भारतीय सांकेतिक भाषा (इंडियन साइन लैंग्वेज) को बढ़ावा देना, उसका विकास करना, शिक्षण ओर अनुसंधान में इसका उपयोग करना है। यह बधिर लोगों को शिक्षण और संचार के अवसर प्रदान करने और समाज में मुख्य धारा में लाने में मदद करता है। आईएसएलआरटीसी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर कार्य करता है, ताकि भारतीय सांकेतिक भाषा को बढ़ावा मिल सके। इसके अतिरिक्त यह भारतीय सांकेतिक भाषा में विभिन्न शैक्षिक सामग्री जैसे एनसीईआरटी की पुस्तकों का अनुवाद इंडियन साइन लैंग्वेज में साइन वीडियो के जरिए विकसित करने पर भी काम कर रहा है। संदीप अरोड़ा ने कहा कि वे केंद्र ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। जिम्मेदारी का निष्ठा से निर्वाह करते पूरे देश के बधिर लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे और बधिरजनो के जीवन में सुधार के लिए राष्ट्रीय, प्रदेश स्तरीय और क्षेत्रीय बधिर संगठनों के सुझाव लेगे। उन्होंने कहा कि वह बधिरजनों की मातृभाषा भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) को आधिकारिक तौर पर मान्यता दिलाने का प्रयास भी करेंगे। उनका प्रयास इंडियन साइन लैंग्वेज (आईएसएल) को 23वीं भाषा के रूप में भारतीय संविधान की आठवीं सूची में सूचीबद्ध कराना है। संदीप अरोड़ा ने यह भी कहा कि वह दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 (आरपीडब्ल्यूडीएक्ट 2016) में बदलाव के लिए भी प्रयास करेंगे।

# फर्जी रवन्ना तैयार करने के मामले में पुलिस ने दबोचे तीन आरोपी

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** फर्जी ई-रवन्ना मामले में कार्यवाही करते हुए थाना श्यामपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। प्रभारी खान अधिकारी व खान निरीक्षक मौहम्मद काजिम ने रविवार को थाना श्यामपुर में विनय पुत्र हेमराज सिंह निवासी ग्राम श्यामपुर निकट रविदास मंदिर, संजय उर्फ संजू पुत्र कशमीरी सिंह निवासी पीलीपडाव श्यामपुर व नकुल पुत्र स्व. रामपाल निवासी ग्राम गाजीवाली श्यामपुर फर्जी रवन्ना तैयार कर राजस्व का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि उपकरण व रवन्ना की असल व कूटरचित प्रतियां बरामद कर ली। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, विवेकच एसआई अंजना चौहान, कांस्टेबल राहुल देव, जितेन्द्र घिल्डियाल, सुशील चौहान व होमगार्ड रोहित सिंह शामिल रहे।

## गोर्खाली सुधार सभा, शाखा हरिद्वार का तृतीय वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

# समुदाय को अपनी संस्कृति व संस्कार के प्रति होना होगा जागरूक : पदम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गोर्खाली सुधार सभा की हरिद्वार शाखा का तृतीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को सफलतापूर्वक रानीपुर में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अधिवेशन में उपस्थित मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा, महामंत्री गोपाल क्षेत्री, शाखा अध्यक्ष शमशेर बहादुर बम, कर्नल अनिल थापा, सांस्कृतिक सचिव कै-वाई-बी-थापा, माया घले शाखा अध्यक्ष ऋषिकेश एवं गीता भंडारी सचिव छिद्दरवाला ने संयुक्त रूप से मंत्रेच्चारण के बीच दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् शाखा अध्यक्ष शमशेर बहादुर बम ने गत वर्ष के कार्यो व आय-व्यय का सम्पूर्ण लेखा जोखा का ब्यौरा भी उपस्थित सदस्यों के सम्मुख रखा। महामंत्री गोपाल क्षेत्री ने कहा कि सभा छात्रें व युवाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये समय-समय पर सम्मानित करती रहती है इसके लिय सदस्यों को संबंधित शाखा अध्यक्ष व पदाधिकारियों से संपर्क रखना होगा। अधिवेशन के मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने शाखा के कार्यों की भूरि-भूरि सराहना की एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गोर्खाली सुधार सभा देश के उन गिने-चुने पवित्र संस्थाओं में से एक है जो समाज हित में निःस्वार्थ सेवाभाव से सेवारत है। यह संस्था सम्पूर्ण भारतवर्ष में गोरखा समुदाय की सबसे पुरानी संस्थाओं में से एक है। गोरखा समुदाय का देश के विकास में हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमें राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में सशक्त होना होगा, तभी हमारा भविष्य उज्जवल होगा। उन्होंने समुदाय के सम्मुख अपनी संस्कृति व संस्कार के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही युवा पीढ़ी को जाग्रत करने का भी आह्वान किया। कर्नल अनिल थापा महाप्रबंधक डीएलएफ ने सभा द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि डीएलएफ ने कहा कि जा रहे कार्य सराहनीय है। डा. संजय शाह मेडिकल डायरेक्टर स्वामी रामप्रकाश चैरिटेबल हास्पिटल ने कहा संजय बिष्ट वैल्फेयर ऑफिसर भेल, पदमा पाण्डेय अध्यक्ष गोर्खाली महिला कल्याण समिति को स्मृति चिन्ह एवं



संस्था सीएसआर के अंतर्गत समाज हित मे कार्यरत है। विशेष महिला सशक्तिकरण के लिये पर्वतीय क्षेत्रें में जहां रोजगार का कोई साधन उपलब्ध नहीं है, वहां पर घर पर ही महिलाओं को अपनी आजीविका चलाने के लिये संसाधन उपलब्ध कराये जाते हैं। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन योग्य छात्रें को उनका भविष्य संवारने में भी मदद करता है। साथ ही उन्होंने प्रशांत शर्मा बी-टैक के छात्र को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही मे गठित इन्द्र सूर्या ट्रस्ट की स्थापना की है जिसका मूल उद्देश्य भी पर्वतीय क्षेत्रें में जरूरतमंदों की मदद और उनका जीवन स्तर ऊंचा करने के लिये आजीविका के साधन तलाशना और उन्हें स्वावलंबी बनाना।डा. पदम प्रसाद सुवेदी ने कहा कि गोर्खाली सुधार सभा एक ऐतिहासिक संस्था है और इसका सदस्य होना अपने आप में गर्व की बात है। हम सभी को सभा का सदस्य बनकर एकजुटता प्रदर्शित करनी चाहिये। सभा द्वारा जनहित में किये कि समाज को अपनी पहचान को बनाये रखने के लिये सोच में भी परिवर्तन लाना होगा। समुदाय द्वारा राष्ट्रहित में दिये गये योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। मातृ-भूमि की रक्षा के लिये जब भी जरूरत पड़ी गोरखा सैनिकों ने प्रथम पंक्ति में खड़े होकर अदम्य साहस का परिचय देते हुये दुश्मनों को सबक सिखाया है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिये अपने सूझाव देते हुये उन्होंने कहा कि हमें अपने खान-पान में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। श्रीमति पदमा पांडे अध्यक्ष गोर्खाली महिला कल्याण समिति ने अपने संक्षिप्त संबोधन में गोरखा समुदाय से अपनी संस्कृति व संस्कार के प्रति प्रेम जागरूकता बनाये रखने की अपील की। उन्होंने समुदाय को एकजुट होने व एकता बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्वत सम्मान डा. डम्बर प्रसाद पौडेल वरिष्ठ शिक्षाविद्, डा. मधु शाह, वरि. स्त्री रोग विशेषज्ञ, भगवान जोशी चिन्हित राज्य आंदोलनकारी, चन्द्र बहादुर थापा जड़ी बूटी विशेषज्ञ, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कु. स्वास्तिका बम व कविता डांगी द्वारा मुख्य अतिथि पदम सिंह थापा केंद्रीय अध्यक्ष गोर्खाली सुधार सभा को स्वंय की बनाई पेंटिग भेट की गयी। वार्षिक अधिवेशन में छात्रों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। शाखा के वार्षिक अधिवेशन में आशीष थापा, वेदप्रकाश थापा, हीरा लाल, पदम बहादुर बम, पुष्पराज पांडे, विजय सिंह, भगवान जोशी, ठाकुर ओली, पं-जगन्नाथ शास्त्री, खगेन्द्र पांडे, राजेंद्र प्रसाद रेग्मी, जय बहादुर थापा, वेद प्रकाश थापा, मोहन क्षेत्री, कमल सिंह, विजय शर्मा, गणेश बहादुर थापा, भीम बहादुर बम, जीत बहादुर डांगी, खेम नेवार, सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे। वार्षिक अधिवेशन में वर्ष 2024-25 में कक्षा 10 व 12वीं की कक्षाओं में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले अनुष्का सोनी अक्षरा नेवार, प्रिंस थापा, रितांजली रेंग्मी, रूची शर्मा और हिमांशु शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सचिव लोकनाथ सुवेदी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# चलती कार की खिड़कियों से लटककर स्टंट कर रहे युवकों को पुलिस ने सिखाया सबक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चलती कार की खिड़कियों से लटक कर स्टंट करना युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने कार सीज करने के साथ स्टंट कर रहे युवकों का पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। कुछ युवकों के बलेनो कार की खिड़की से लटककर स्टंटबाजी करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए रानीपुर कोतवाली पुलिस ने मिशन लगाम के तहत कार्रवाई करते हुए युवकों जावेद पुत्र इरशाद, अरसलान पुत्र मनोव्वर, आसिफ पुत्र राशिद व कार चालक जुनैद पुत्र भूरा निवासी ग्राम सलेमपुर रानीपुर को गैस प्लांट चौकी ले आयी और स्टंटबाजी के दौरान इस्तेमाल की गई कार को सीज कर दिया तथा युवकों को कड़ी फटकार लगाते हुए उनका पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। आरोपी युवकों ने अपने कृत्य पर माफी मांगते हुए भविष्य में इस प्रकार की गलती न दोहराने की बात कही। एसएसआई मनोहर सिंह रावत, गैस प्लांट चौकी प्रभारी एसआई विकास रावत, कांस्टेबल गंभीर गौतम व करम सिंह शामिल रहे।

## अखबार बांटने गया हॉकर, घर में हो गई चोरी

**काशीपुर।** अखबार बांटने वाले व्यक्ति के घर से एक कीमती मोबाइल और सोने के कुंडल चोरी हो गये। एक युवक पर शक जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। स्थानीय मौहल्ला काजीबाग निवासी संजय पुत्र स्व. बनवारी लाल ने कटोराताल पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि वह अखबार बांटता है। रविवार तड़के वह अखबार बांटने गया था, जबकि घर में उसकी मां, बहन और दूसरे मंजिले में उसका भाई व उसकी पत्नी सोये थे। इस दौरान घर की छत से युवक घर में घुसा और एक कीमती मोबाइल, 25 हजार रुपये की कीमत के एक जोड़ी सोने के कुंडल और भाई के पर्स से दो हजार की नगदी चुरा ले गया। संजय ने कहा कि उसे एक युवक पर शक है क्योंकि युवक तीन चार दिन से उसके घर के चक्कर लगा रहा था। इससे पहले भी वह चोरी के केस में जेल जा चुका है।

## मां भगवती की उपासना से होती है मनवांछित फल की प्राप्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुप्त नवरात्र के पांचवे दिन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने मनसा देवी मंदिर में मां भगवती की पूजा अर्चना कर विश्व शांति की कामना की। साथ ही उन्होंने चारधाम यात्रा एवं आगामी कावड़ मेला सकुशल संपन्न होने की कामना मां भगवती से की। उन्होंने कहा कि साधना और तंत्र उपासना के लिए अत्यंत शुभ समय गुप्त नवरात्रि होता है। इस दौरान मां भगवती की गुप्त रूप से की गई उपासना भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करती है और जीवन की समस्त बाधाओं को दूर करती है। उन्होंने कहा कि यह नवरात्र विशेषकर उन साधकों के लिए महत्वपूर्ण होता है जो तांत्रिक साधनाओं, मंत्र सिद्धि और शक्ति पूजन के मार्ग पर अग्रसर होते हैं। यह काल देवी उपासना के लिए गोपनीय एवं अत्यंत शक्तिशाली माना जाता है।

# बस स्टैंड ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष ने लगाया मारपीट और कार्यालय पर कब्जे का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बस स्टैंड ऑटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियो एवं चालकों यूनियन पर जबरन कब्जा करने और मारपीट का आरोप लगाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूनियन के चुनाव के बाद उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अभी उनके कार्यकाल के 3 महीने शेष हैं। राजनीतिक संरक्षण में षड्यंत्र के तहत बस स्टैंड ऑटो यूनियन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को उनके साथ मारपीट गयी और धमकी दी गयी। इसके बाद दबंगों ने यूनियन कार्यालय पर कब्जा कर लिया। पुलिस में शिकायत भी की गयी। लेकिन पुलिस ने इस मामले को लेकर गंभीरता नहीं बरत रही है। महेश ने कहा कि यूनियन कार्यालय पर जबरन कब्जा किया गया है और वैधानिक तरीके से चुने गए अध्यक्ष को हटा दिया गया। चुने हुए पदाधिकारी के साथ मारपीट की गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से कार्यालय पर कब्जा और मारपीट करने वाले लोगों पर कार्यवाही की मांग की है। प्रदर्शन करने और ज्ञापन देने वालों में उमेश कुमार, सत्येंद्र, नीरज कुमार, रामप्रकाश, सुनील कुमार, सौरभ कुमार, पन्नालाल, मोहन, जॉनी आदि शामिल रहे।



# बिजली कटौती को लेकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** क्षेत्र स्थित हरि आश्रय कॉलोनी में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बिजली कटौती से स्थानीय लोग बेहद नाराज है। कॉलोनी में लगातार हो रही बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी के बीच रोजाना कई घंटे की बिजली गुल रहने से कालोनीवासियों का गुस्सा अब उबाल पर है। सोमवार को कॉलोनी के दर्जनों लोग उपखंड कार्यालय बहादराबाद पहुंचे और एसडीओ अमित तोमर को ज्ञापन सौंपकर बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली विभाग को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। परेशान होकर कॉलोनीवासियों ने पहले भी विभागीय कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया था, लेकिन इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय निवासियो ने बताया कि हमने कई बार अधिकारियों से मिलकर शिकायत की, लेकिन न तो कोई कर्मचारी मौके पर आता है, न ही ट्रांसफॉर्मर की स्थिति सुधारी जाती है। बच्चे, बुजुर्ग और मरीज इस भीषण गर्मी में परेशान हैं। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो वे एक बार फिर से हरिद्वार से लेकर देहरादून जोरदार आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में तेज प्रताप सैनी, संदीप चिनालिया, नरेश चौहान, शुभम सैनी, अर्पित सैनी, श्याम सिंह, हिमांशु आदि क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# समाज सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं : आदेश चौहान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारत विकास परिषद की शिवालिक शाखा ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अपना अधिष्ठापन समारोह मनाया। शिवालिक नगर स्थित एक होटल में आयोजित अधिष्ठापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि वर्तमान की भागदौड़ की जिंदगी में आदमी अपने लिए भी समय नहीं निकल पा रहा है ऐसे में समय निकालकर समाज के लिए कार्य करना बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने परिषद के सेवा कार्यों के लिए हर प्रकार का सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। क्षेत्रीय सचिव सेवा बृज प्रकाश गुप्ता ने कहा कि परिषद अपने पांच सूत्रों के माध्यम से आम नागरिकों की सेवा करने में सबसे अग्रणीय संस्था है। परिषद के प्रांतीय संरक्षक डॉक्टर रविंद्र कपूर ने परिषद के सदस्यों से समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आवाह्न किया। वरिष्ठ कवि भूदत्त शर्मा ने मां और गंगा पर काव्य पाठ कर सबको भावविभोर कर दिया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ मनीषा सिंघल, शिवालिक शाखा की अध्यक्ष भावना माझी मंच पर मौजूद रही। अधिष्ठापन अधिकारी एवं प्रांतीय संगठन मंत्री ने शाखा के सभी नए सदस्यों और नए दायित्वधारियों को सदस्यता और दायित्वबोध की शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद मंचासीन अतिथियों ने शिवालिक शाखा के नए अध्यक्ष अंकित गुप्ता, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष भावना चौहान, संयोजक महिला सहभागिता प्रतिभा सारस्वत, संगठन सचिव भावना माझी, संयोजक संपर्क उपेंद्र शर्मा, संयोजक सेवा सोनेश्वर कुमार सोना, संयोजक पर्यावरण वेदप्रभा श्रीवास्तव और संयोजक संस्कार रितिका गुप्ता को उनके नए दायित्वों के लिए बधाई दी। समारोह में रिद्धिमा चौहान ने सरस्वती वंदना, सिद्धि गुप्ता ने दुर्गा स्तोत्र, ट्विशा श्रीवास्तव ने कृष्ण स्तुति और कनक कुमारी ने शिव पार्वती संवाद सुंदर नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ट अधिवक्ता कुशल पाल सिंह चौहान, पंचपुरी शाखा के अमित कुमार गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष ललित पांडे, राजकुमार शर्मा, ए.के. श्रीवास्तव, राखी आदि उपस्थित रहे। सोनेश्वर कुमार सोना ने शिवालिक शाखा के गत वर्ष किए गए कार्यों का ब्यौरा और अंकित गुप्ता ने आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी दी।



# आपदा की चुनौती पर मॉकड्रिल में खरा उतरा प्रशासन

## हल्द्वानी, लालकुआं और रामनगर समेत जिलेभर में पूर्वाभ्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले के हल्द्वानी और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह अचानक पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के सायरन गूंजने लगे। जगह-जगह इन वाहनों को दौड़ता देख लोगों में हड़कंप मच गया। लोग समझ नहीं पाए कि सुबह-सुबह यह अफरा-तफरी क्यों मची है। कुछ देर बाद साफ हुआ कि जिला प्रशासन ने मॉनसून से पहले आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल चला रहा है। मॉनसून सत्र को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने नैनीताल जिले के हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, धारी, भवाली सहित कई क्षेत्रों में व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की। मॉक ड्रिल के दौरान यह सूचना दी गई कि हल्द्वानी तहसील क्षेत्र के देवखड़ी नाले में तेज बारिश के चलते अचानक बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है और कुछ लोग इसमें फंस गए हैं। सूचना मिलते ही जिला आपदा नियंत्रण कक्ष नैनीताल और तहसील स्तरीय इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम टीम तुरंत एक्टिव हो गई। जिलाधिकारी वंदना, जो जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष भी हैं, ने आपदा परिचालन केंद्र से स्थिति की लगातार निगरानी की और राहत व बचाव कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। हल्द्वानी तहसील कार्यालय में स्टेजिंग एरिया स्थापित कर तत्काल विभिन्न विभागों की टीमें मौके के लिए रवाना की गईं। मॉक ड्रिल के दौरान देवखड़ी नाले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से छह घायलों को सुरक्षित निकाला गया। इनमें से चार लोगों को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि दो गंभीर घायलों को 108 एंबुलेंस सेवा से बेस





अस्पताल व सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया।

राहत कार्य के दौरान जेसीबी मशीन की मदद से नाले में जमा मलबा हटाकर रास्ता साफ किया गया, ताकि राहत कार्य में तेजी लाई जा सके। मॉक ड्रिल में कोई जनहानि नहीं हुई। पूरे राहत और बचाव कार्य की मॉनिटरिंग आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा की गई। इस दौरान सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय का भी सफल परीक्षण हुआ। जिला प्रशासन ने कहा कि इस तरह की मॉक ड्रिल से वास्तविक आपदा की स्थिति में रिस्पॉन्स टाइम को कम करने और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी।

## गौलापुल क्षेत्र में चेक डैम का काम ठप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं में जारी लगातार बारिश के चलते गौला नदी उफान पर है, जिससे हल्द्वानी और आसपास के इलाकों में प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। सोमवार को गौला नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण चोरगलिया-हल्द्वानी मुख्य मार्ग पर कटान और पानी का दबाव बढ़ गया, जिससे सड़क को नुकसान होने का खतरा पैदा हो गया है। जलस्तर बढ़ने के साथ ही नदी का तेज बहाव सड़क किनारे पहुंच गया, जिससे मिट्टी और सड़क का हिस्सा कटने लगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सड़क को बचाने के लिए पॉलिथीन बैरिकेडिंग कर सुरक्षा घेरा तैयार किया। संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नदी किनारे जाकर बैरिकेडिंग कर मार्ग को सुरक्षित रखने का प्रयास किया, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में मार्ग पर आवागमन प्रभावित न हो। इधर, गौलापुल क्षेत्र में बन रहे चेक डैम का निर्माण कार्य भी तेज बारिश के चलते ठप हो गया है। लगातार बारिश और गौला के बढ़ते जलस्तर के कारण चेक डैम निर्माण के लिए बनाए गए कई ब्लॉक तेज धार में बहकर नदी में समा गए। नदी के पानी में बहने से निर्माण सामग्री को नुकसान पहुंचा है, जिससे चेक डैम निर्माण कार्य में बड़ा आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से चिंता जताई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गौला नदी और इसके किनारों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं, क्योंकि किसी भी समय जलस्तर और बढ़ सकता है। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम लगातार नदी के जलस्तर की निगरानी कर रही है और सड़क पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## मानसून में भारी बारिश को लेकर नगर निगम अलर्ट, जलभराव वाले क्षेत्रों में सख्त निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानसून सीजन में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए नगर निगम अलर्ट मोड में आ गया है। संभावित



जलभराव और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखना शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में सोमवार को नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। टीम ने प्रेमपुर लोश्ज्ञानी, तीनपानी, तिकोनिया, रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भारी बरसात की चेतावनी को देखते हुए निगम प्रशासन ने लालडांठ क्षेत्र में रकसिया नाले पर शिव मंदिर के पास चेतावनी बोर्ड भी लगाया है ताकि लोग नाले के किनारे न जाएं और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन क्षेत्रों में नालियों की सफाई भी कराई, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या पैदा न हो। निगम ने बारिश के दिनों में किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए फील्ड स्टाफ को तैयार रहने और जलभराव की स्थिति बनने पर तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने कहा कि मानसून के दौरान नागरिकों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए नगर निगम पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी की जा रही है और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल समाधान के लिए टीम को निर्देशित किया गया है।

# मरीजों को सस्ती दरों पर मिलेगा अत्याधुनिक उपचार

## 39 करोड़ की लागत से बन रहा स्टेट कैंसर अस्पताल, आयुक्त दीपक रावत ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 39 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 120 बेड के स्टेट कैंसर चिकित्सालय का सोमवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने ओपीडी, ओटी ब्लॉक, वार्ड ब्लॉक, सर्विस ब्लॉक, रेडियो डायग्नोसिस, लैब ब्लॉक, मौजूदा रेडियोथेरेपी ब्लॉक, न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग और बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। यह अस्पताल उत्तराखंड का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक कैंसर संस्थान बनने जा रहा है, जिसके शुरू होने से कैंसर मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली और अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. केसी पांडे को निर्देश दिए कि भवन निर्माण में सभी चिकित्सीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए ताकि भविष्य में कोई कार्य अधूरा न रह जाए। आयुक्त ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के साथ-साथ मरीजों को सस्ती दरों पर भी उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पहले चरण प्रथम चरण में विभिन्न इमारतों का निर्माण और आंतरिक परिवर्तन कार्य किया जा रहा है। जबकि द्वितीय चरण की प्रशासनिक प्रक्रियाएं प्रचलन में हैं और अनुमोदन के लिए प्रस्ताव संबंधित विभागों को भेजे जा चुके हैं। इसके अलावा ओपीडी ब्लॉक में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट (4 बेड), 2 मेजर व 2 माइनर ओटी, 20 बेड का आईसीयू, स्टाफ पैंट्री और 8 निजी कक्ष (2 वीआईपी और 6 सामान्य) स्थापित किए जाएंगे। वार्ड ब्लॉक में 12 बेड का इमरजेंसी वार्ड, 12 बेड का डे-केयर सेंटर और 120 बेड का जनरल वार्ड शामिल होगा। अत्याधुनिक सुविधाओं में एचवीएसी, मेडिकल गैस पाइपलाइन, अग्निशमन, आंतरिक-बाह्य विद्युतीकरण, किचन उपकरण, लिफ्ट, रैंप, एसटीपी, ईटीपी और यूजी टैंक शामिल हैं। मरीजों और तीमारदारों के लिए (रेन बसेरा) अस्थायी निवास सुविधा और पार्किंग एवं आंतरिक सड़क नेटवर्क की विस्तृत योजना तैयार की गई है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन ने आयुक्त को विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी की जानकारी दी, जिस पर आयुक्त ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए बताया कि विशेषज्ञों की तैनाती के लिए आवश्यक पदों की मांग राज्य सरकार को भेजी जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डा. अरूण कुमार जोशी, एसडीएम राहुल साह, जनसम्पर्क अधिकारी आलोक उप्रेती, परियोजना प्रबंधक आकाशदीप भट्ट, इंजीनियर रोहित नरियाल सहित कई चिकित्सकगण मौजूद रहे।

# निगम की अनदेखी से नाराज पार्षद मनोज जोशी ने दिया धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वार्ड की अनदेखी और लंबित पड़े कार्यों को पूरा ना किए जाने से नाराज वार्ड-58 के पार्षद मनोज जोशी सोमवार को नगर निगम कार्यालय जा पहुंचे और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वह सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट के दफ्तर के अंदर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे पार्षद जोशी ने आरोप लगाया कि बार-बार गुहार लगाने और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है और उन्हें सिर्फ खोखले आश्वासन दिए जा रहे हैं। पार्षद जोशी ने बताया कि उनके वार्ड में कॉलोनी के सामने सुरक्षा जाल टूट चुका है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को खतरा बना हुआ है। इसकी जानकारी निगम



अधिकारियों को दी गई, लेकिन कई दिनों तक सिर्फ आश्वासन मिलते रहे और किसी ने सुध नहीं ली। धरने के दौरान नोडल अधिकारी (लेखा अधिकारी) गणेश भट्ट मौके पर पहुंचे और पार्षद को कार्य जल्द शुरू कराने का पूर्ण आश्वासन दिया। इसके बाद पार्षद मनोज जोशी ने धरना समाप्त करते हुए कहा कि वह गणेश भट्ट के आश्वासन पर धरना खत्म कर रहे हैं। पार्षद जोशी ने चेतावनी दी कि यदि अब भी कार्य समय पर नहीं हुआ, तो वह उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

## किसान ने जहर खाकर जान दी

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते रामपुर के रहने वाले एक किसाान ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय प्रेम सिंह पुत्र रामभरोसे निवासी अनबरिया, रामपुर यूपी में रहकर खेतीबाड़ी करते है। बताया जा रहा कि बीती रविवार की रात्रि किसान प्रेम ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। प्रेम सिंह की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा आनन फानन में स्थानीय अस्पताल लाया गया जहां से प्रेम सिंह को हल्द्वानी सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। रात्रि में ही प्रेम सिंह ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# मुसलमानों को कांग्रेस ने वोटबैंक समझा

## आजाद समाज पार्टी की बैठक में सदस्यता अभियान तेज करने और संगठन विस्तार पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की एक महत्वपूर्ण बैठक गोलापार स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें पार्टी को मजबूत करने के साथ ही सर्वसम्मति से पार्टी का विस्तार करते हुए पदाधिकारी नियुक्त किए।

इस मौके पर सभी पदाधिकारियों ने कांशीराम के (बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय) के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्य द्वारा की गई, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नफीस अहमद खान रहे। इस दौरान नफीस अहमद खान ने कहा कि वर्तमान में मुस्लिम समाज में कांग्रेस को लेकर व्यापक नाराजगी है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज भाजपा को वोट नहीं देता और अब कांग्रेस को भी वोट देने के मूड में नहीं है। ऐसे में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर जिस तरह मुस्लिम समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, उससे मुस्लिम समाज का झुकाव उनके प्रति बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह आजाद समाज पार्टी के लिए सुनहरा अवसर है कि वह हल्द्वानी विधानसभा सीट से ऐसा मजबूत चेहरा मैदान में उतारे, जो दमूवाढूंगा, राजपुरा, कुल्यालपुरा, गांधीनगर सहित अन्य क्षेत्रों से 25 हजार से अधिक वोट हासिल कर सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्य ने सदस्यता अभियान को और तेज करने पर जोर देते हुए पार्टी संगठन का विस्तार किया। उन्होंने खीम चंद्र आर्य को जिला उपाध्यक्ष, सलीम हुसैन को जिला महासचिव, महेश चंद्र आर्य को कोषाध्यक्ष, महेश चंद्र को जिला सचिव और फिरोज खान को विधानसभा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। बैठक में नगर अध्यक्ष विकास कुमार, नवीन चंद्र आर्य, जीत राम, हरीश लोधी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विधायक पर रामपुर रोड की उपेक्षा का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वार्ड-19 रामपुर रोड क्षेत्र में विकास कार्यों के अभाव को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। समाजसेवी विशाल वर्मा और अंजलि वर्मा ने विधायक सुमित हृदयेश पर क्षेत्र के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद से अब तक विधायक सुमित हृदयेश द्वारा वार्ड-19 में विधायक निधि से एक रुपये का भी विकास कार्य नहीं कराया गया, जबकि क्षेत्र में सड़क, पानी और सीवर की गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र की सड़कों और नालियों की स्थिति बेहद खराब है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड-19



के कई हिस्सों में पानी की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। समाजसेवियों का आरोप है कि विधायक निधि का लाभ कुछ खास लोगों को दिया जा रहा है, जबकि विधायक निधि पूरे हल्द्वानी शहर के विकास के लिए होती है। विशाल वर्मा और अंजलि वर्मा ने कहा कि विधायक पूरे हल्द्वानी शहर के प्रतिनिधि हैं, न कि कुछ चुनिंदा वार्डों के।

# रिटायरमेंट पर दुम्का को विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष और उत्तरांचल परिवहन निगम के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद दुम्का के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्तराखंड परिवहन निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने उनके 36 वर्षों के उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए उन्हें सम्मानित किया। विदाई समारोह में उत्तराखंड परिवहन निगम की मंडल प्रबंधक पूजा जोशी ने प्रेमचंद दुम्का की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल उत्तराखंड रोडवेज के लिए प्रेरणादायक रहा। उन्होंने निगम के प्रति अपनी जिम्मेदारी और पारदर्शिता



के साथ कार्य किया, जो अन्य कर्मचारियों के लिए उदाहरण है। इस अवसर पर प्रेमचंद दुम्का ने भावुक होकर कहा कि उन्हें उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ, भारतीय मजदूर संघ और उत्तराखंड परिवहन निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों का हमेशा भरपूर सहयोग मिला। इसी सहयोग और परिवार जैसे वातावरण के कारण उन्हें यह महसूस ही नहीं हुआ कि उनके 36 साल की सेवा कब पूरी हो गई। समारोह में भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ संरक्षक रमेश चंद्र जोशी, डीडी शर्मा, शेखरानंद पांडे, प्रदेशाध्यक्ष उमेश जोशी, बालमुकुंद सुयाल, नवनीत कपिल, बीके शर्मा, सुरेंद्र बिष्ट, वीरेंद्र खकरियाल, मदन सिंह, गणेश मेहरा, ललित पांडे और वीरेंद्र बिष्ट सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार्यालय:- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक: 1885/स्वा0अनु० / सार्व०सू० / ब0/2025-26 दिनांक: 28/6/2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी विकास निदेशालय के पत्र संख्या 299545 / IV(2) - श०वि०-2024 - 14 (सा० ) / 24 (ई-76955) दिनांक 27.05.2025 व वन विभाग के ज्ञाप संख्या 3666 / X-2-13-19 (06 ) 2013 दिनांक 2013 के निर्देशों के क्रम में नगर निगम कोटद्वार को नगर निगम कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत बन्दर - मानव संघर्ष की शिकायतों के निवारण हेतु बन्दरों को पकडने वाले रेस्कयू दल की आवश्यकता है।

अत: समस्त इच्छुक निविदादाताओं व फर्मों से सील बन्द प्रस्ताव वित्तीय दरों सहित दिनांक 14.07.25 अपराह्न 4:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं जो कि दिनांक 15.07.25 को सांय 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोले जायेंगे। इच्छुक व्यक्ति / निविदादाता / फर्म निम्न प्रारूप पर प्रस्ताव नगर निगम कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

| क्र० स० | फर्म का नाम | पूर्व अनुभव के वर्ष संलग्न प्रमाण सहित | रेस्क्यू दल में सदस्यों की संख्या तथा उनके नाम अभिलेख सहित | प्रस्तावित दर प्रति बन्दर | बन्दरों को पकडने के लिए प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**

# रकम पूरी ली, जमीन की रजिस्ट्री अधूरी

## कमिश्नर के निर्देश पर पुलिस ने दो के खिलाफ लिखा मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में जमीन खरीद-फरोख्त में करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि पूरी रकम लेने के बावजूद आरोपी ने जमीन की पूरी रजिस्ट्री नहीं की और शेष जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर 92 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगा। पीड़ितों ने न्याय के लिए मंडलायुक्त दीपक रावत से गुहार लगाई। मंडलायुक्त दीपक रावत के निर्देश पर मुखानी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कालाढूंगी रोड निवासी मुकेश गुप्ता व संदीप गुप्ता और बिन्देश गुप्ता ने बताया कि दमुवाढूंगा निवासी मोहन सिंह रौलेता ने उन्हें जज फार्म क्षेत्र में 13,020 वर्ग फुट जमीन दिखाई थी। जमीन अमित जोशी पुत्र मनोज जोशी के नाम पर थी और मोहन सिंह का अमित से इस जमीन को लेकर समझौता भी हो चुका था। भरोसा कर तीनों भाइयों ने पूरी रकम मोहन और अमित को दे दी। रकम मिलने के बाद अमित जोशी ने 3400 और 7000 वर्ग फुट भूमि की रजिस्ट्री तो करा दी, लेकिन शेष 2620 वर्ग फुट जमीन की रजिस्ट्री टालता रहा। जब पीड़ितों ने दबाव बनाया, तो आरोपी अमित जोशी ने रजिस्ट्री कराने के बदले 92 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर दी। न्याय की गुहार लेकर मंडलायुक्त के पास पहुंचे। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की भूमिका और पैसों के लेनदेन की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




### रुपये लेकर नहीं की रजिस्ट्री, 9 लाख रुपये हड़पे

**हल्द्वानी।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के निर्देश पर एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। विकासनगर ईष्ट बिठौरिया नंबर एक निवासी महिपाल सिंह अधिकारी पुत्र नन्दन सिंह अधिकारी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आदर्शनगर गली नंबर एक बमौरी तल्ली खाम निवासी शिव सिंह नयाल पुत्र जगत सिंह से 36 सौ वर्ग फिट जमीन खरीदी थी। आरोप है कि शिव सिंह ने रजिस्ट्री के लिए 7 माह का समय मांगा था, लेकिन समय गुजर जाने के बाद भी उसने रजिस्ट्री नही की। दबाव डालने पर उसने 16 लाख रुपए वापस कर दिए और 9 लाख रूपये डकार गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग

पत्रांक :-485/निविदा/2025-26 दिनांक:-30.6.2025

**संशोधित सूचना**

कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के पत्र संख्या 406/निविदा/2025-26 दिनांक 13.06.2025 द्वारा दिनांक 14.06.2025 को दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा एवं दैनिक शाह टाईम्स में प्रकाशित विज्ञापन/ कार्यालय ज्ञाप जोकि विभिन्न निर्माण कार्य की निविदा को निविदा कमेटी द्वारा निविदाकारों के समक्ष खोले जाने के सम्बन्ध में है की तिथि अपरिहार्य कारणो से दिनांक 01.07.2025 के स्थान पर दिनांक 07.07.2025 की गई है।

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**रूद्रप्रयाग**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**रूद्रप्रयाग**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### बरसात को लेकर हरिद्वार पुलिस की कसरत

# पुलिस की संयुक्त मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** प्रगतिशील वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जिलाधिकारी व एसएसपी हरिद्वार के आदेश के क्रम में भगवानपुर तहसील प्रशासन व बुग्गावाला पुलिस द्वारा ग्राम तेलपुरा की नदी में आपदा राहत बचाव कार्यों की मॉक ड्रिल की गई।

मॉक ड्रिल में तेलपुरा नदी में कुछ लोगों व बच्चों के फंसे होने की सूचना पर तत्काल आपदा राहत टीम बुग्गावाला द्वारा मौके पर पहुँचकर बाढ़ में फंसे 02 बच्चे, 02 महिलायें व 03 पुरूषों को रेसक्यू किया गया तथा प्राथमिक उपचार हेतु चिकित्सालय भिजवाया गया। बाढ़ पीडित लोगो को राहत सामग्री का वितरण भी किया गया। इस दौरान लोगो को बरसात के समय नदियों से दूर रहने सहित आपदा के दौरान बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। मॉक ड्रिल में उप जिलाधिकारी

**❖उपकरणों से लैस जवानों ने की आपदा राहत बचाव कार्य की प्रैक्टिस**



भगवानपुर, पुलिस उपाधीक्षक बुग्गावाला, प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला, आपदा राहत टीम बुग्गावाला, फायर युनिट बुग्गावाला तथा तहसील प्रशासन भगवानपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# प्रशासन के रडार पर रहेंगे ओवरलोड वाहन

## डीएम ने मीटिंग में दिए ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के सख्त निर्देश

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों की सुरक्षा को ओवरलोड वाहन सीज किए जाएंगे। जबकि बिना फिटनेस और बिना टैक्स के वाहनों के चालान होंगे। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से भी मीटिंग की रूपरेखा तैयार की जा रही है। रुड़की की टीम जून में 38 ओवरलोड वाहन सीज कर चुकी है। कांवड़ यात्रा को लेकर रूट प्लान, पार्किंग स्थल और रोड सेफ्टी को अमलीजामा पहनाने के लिए कवायत शुरू हो गई है। डीएम और एसएसपी के नेतृत्व में मीटिंग और निरीक्षण जारी है। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर सुझाव और समस्याओं के समाधान पर विचार विमर्श हो रहा है। ऐसे में अब यात्रा की सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी तीन विभागों को मिलकर काम करने का जिम्मा मिला गया है। ताकि यात्रा में ओवरलोड वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से शिवभक्तों को बचाया जा सके। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त चेकिंग टीम बनाई गई है। ताकि ओवरलोड वाहनों पर लगाम कसी जा सके। क्योंकि अक्सर ओवरलोड वाहनों से हरिद्वार जिले के विभिन्न जगहों पर घातक और अति घातक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। नेशनल और स्टेट मार्गों पर ओवरलोड वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाने वालों की भी संख्या बढ़ी है। 11 जुलाई से यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो रहा है। ऐसे में अभी से ओवरलोड वाहनों पर लगाम कसने के लिए यह फैसला लिया गया है। एआरटीओ (प्रवर्तन) कृष्णा पलाडिया ने बताया कि डीएम के निर्देश पर परिवहन कार्यालय की टीम, तहसील प्रशासन और पुलिस के सहयोग से ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

**❖कांवड़ यात्रा के मद्देनजर ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करेंगी संयुक्त टीम**

### कांवड़ मेले के दौरान बरते जाने वाले नियमों के संबंध में

# पुलिस ने होटल वं ढाबा स्वामियों को दी हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कांवड़ मेले के दौरान बरते जाने वाले नियमों के संबंधी नोटिस पुलिस ने होटल एवं ढाबा स्वामियों को नोटिस दिए। दिए गए नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

जानकारी के अनुसार कांवड़ मेला सकुशल शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए सीओ विवेक कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मंगलौर शांति कुमार द्वारा गठित की गई पुलिस टीम ने थाना मंगलोर क्षेत्र में हाईवे पर स्थित होटल, ढाबे के प्रबंधकों एवं मालिकों को कावड़ मेला के दृष्टिगत निर्देश दिए गए। एवं निर्देशों का अनुपालन करने के लिए भी अवगत कराया गया। सभी को नोटिस तामील कराए गए।अनुपालन न करने वाले एवं अनियमितता पाए जाने पर विधिवत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी दुकानदार ,होटल , ढाबा के मालिक एवं स्वामियों द्वारा भी अनुपालन करने एवं कावड़ मेला में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शासन प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। नोटिस के माध्यम से दिए गए निर्देश.... 1-होटल/ढाबो पर स्पष्ट लेट लिस्ट चस्पा करेंगे। 2-होटल/ढाबो पर बिना लहसून प्याज आदि रहित भोजन खिलायेगे। 3-होटल/ढाबो पर मांस/ मछली/मदिरा का सेवन पूर्णतया वर्जित रहेगा। 4-होटल/



ढाबो पर ढाबा स्वामी/संचालक के नाम का स्पष्ट साईन बोर्ड लगायेगे। 5-ऑनलाइन पैमेन्ट हेतु स्कैनर की सुविधा रखेंगे। 6-होटल/ढाबो पर कार्यरत कर्मचारी का सत्यापन अनिवार्य रूप से करवायेगे। 7-होटल/ढाबा संचालक अपने-अपने होटल/ ढाबे पर कांवड़ रखने का स्टैंड अवश्य बनाकर रखेंगे।8- सभी होटल/ढाबा संचालक अपने-अपने होटल/ढाबे पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएंगे। जिसमे रोड साईड स्पष्ट दिखायी दे। किचन में भी सीसीटीवी कैमरा अवश्य रखेंगे।9- सभी होटल/ ढाबा संचालक अपने-अपने होटल/ ढाबे पर शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था रखेंगे।10- सभी होटल/ ढाबा संचालक अपने-अपने होटल/ ढाबो पर प्रकाश की व्यवस्था रखेंगे तथा साफ-सफाई का ध्यान रखेगे।

पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार,अपर उप निरीक्षक नरेंद्र राठी, कांस्टेबल पुनीत सेमवाल, कांस्टेबल राजेंद्र नेगी, पीआरडी जोगिंदर, पीआरडी सतीश, पीआरडी रविंदर,होमगार्ड कल्याण सिंह शामिल रहे।

# महिला के पेट से निकली साढ़े तीन किलो की रसौली

## सिविल अस्पताल के डाक्टरों ने दिया सफल ऑपरेशन को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल अस्पताल रुड़की में एक महिला के पेट के ऑपरेशन के दौरान साढ़े तीन किलोग्राम की रसौली निकली है। ऑपरेशन पूरी तरह से सफल रहा है। महिला काफी समय से पेट में दर्द से परेशान थी। ऑपरेशन के महिला पूरी तरह से ठीक है।

सिविल अस्पताल रुड़की के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अपर निदेशक डॉ. अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि चार दिन पहले रोजी रानी पत्नी गौतम निवासी इब्राहिमपुर मसाई सिविल अस्पताल में उपचार को लिए आई थी। महिला पेट दर्द से बेहद परेशान थी। अस्पताल के सर्जन डॉ. प्रनम प्रताप सिंह ने महिला का चेकअप किया। अल्ट्रासाउंड व अन्य जरूरी जांच कराई। जिसमें पता चला कि महिला को सिस्ट ऐडीनोमा यानी अंडदानी का ट्यूमर है। ट्यूमर का आकार भी काफी बड़ा है। जिसके कारण महिला को लगातार बना हुआ है। महिला चल भी नहीं पाती है। सर्जन बताया कि महिला का ऑपरेशन करना जरूरी है। ऑपरेशन को टालने पर कुछ भी हो सकता है। सर्जन प्रनम प्रताप ने बताया कि महिला को सिस्ट ऐडीनोमा था। इसका आकार काफी बड़ा था। इसके अलावा सबसे बड़ी परेशानी यह थी कि ढाई माह पहले ही महिला की ऑपरेशन से डिलीवरी हुई थी। इस कारण भी रसौली की वजह से ज्यादा परेशानी हो रही थी। ऐसे में फिर से ऑपरेशन एक बड़ा रिस्क था, उन्होंने महिला के पति गौतम को ऑपरेशन की आवश्यकता और रिस्क के बारे में बताया। शनिवार को ऑपरेशन हुआ। करीब डेढ़ घंटे तक यह ऑपरेशन चला। ऑपरेशन पूरी तरह से सफल रहा। सर्जन डॉ. प्रनम प्रताप सिंह ने बताया कि महिला के पेट से साढ़े तीन किलोग्राम की रसौली निकली। महिला पूरी तरह से ठीक है। दो-तीन दिन के भीतर महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।


ऑपरेशन करने वाली टीमऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ प्रनम प्रताप सिंह, निश्चेतक डॉ. एवी पाराशर, डॉ. कुलदीपिका, ओटी इंचार्ज रीता बिष्ट, नर्सिंग अधिकारी जौलोबिना व शालिनी सिंह आदि के नाम शामिल है।

# वरिष्ठ लेखाकार मुनीश चौहान को ब्लॉक कर्मियों ने दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** ब्लॉक में लंबे समय से कार्यरत वरिष्ठ लेखाकार मुनेश चौहान सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अवसर पर ब्लॉक परिसर में एक भावभीन विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर मुनेश चौहान ने कहा कि उन्हें वर्षों तक जनता की सेवा करने का अवसर मिला, जो उनके जीवन का सबसे गौरवपूर्ण समय रहा। उन्होंने कहा, जो भी खंड विकास अधिकारी ब्लॉक में आए, सभी के साथ मेरा व्यवहार हमेशा सहयोगपूर्ण और सम्मानजनक रहा। यह पल हमेशा मेरी स्मृतियों में रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लेखाकार का पद एक महत्वपूर्ण और जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व होता है। कार्यकाल के दौरान कई चुनौतियां आईं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाया।

**भावुक हुई पत्नी और बीडीओ रुड़की..**मुनेश चौहान के विदाई समारोह में भावनाओं का एक विशेष माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही मुनेश चौहान के कार्यकाल की सराहना और उनकी सेवाओं की प्रशंसा होने लगी, वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो उठीं। इस भावुक क्षण में उनकी पत्नी भी खुद को संभाल नहीं पाई और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। वहीं, रुड़की की बीडीओ सुमन दत्ताल कुटियाल भी इस भावुक माहौल से अछूती नहीं रहीं। वे भी अपने साथी अधिकारी के विदा होने पर बेहद भावुक हो गईं। समारोह में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख राव लुबना ने तुरंत आगे बढ़कर दोनों को ढांढस बंधाया और उन्हें संभाला। उन्होंने कहा कि मुनेश चौहान ने जो कार्यक्षमता और समर्पण दिखाया है, वह हमेशा याद रखा जाएगा। यह क्षण पूरे समारोह को एक आत्मीयता और मानवीय संवेदनाओं से भर गया, जिससे यह विदाई केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक यादगार भावनात्मक पल बन गई।



# गंगनहर से 28 साल के युवक का शव बरामद

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने गंगनहर से दोपहर के वक्त 28 साल से युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान के प्रयास को पुलिस ने आसपास के थानों में संपर्क किया है। सोशल मीडिया पर भी शव की फोटो पोस्ट की है।

रुड़की कोतवाली के मुताबिक सोमवार दोपहर सूचना मिली कि गंगनहर में एक युवक का शव बह रहा है। सूचना पर कांस्टेबल सुरेश तोमर और राहुल ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को गंगनहर से बाहर निकाला। शव करीब 28 साल के युवक का लगा। पुलिस ने आसपास जमा लोगों से शव की पहचान कराने के भी प्रयास किए। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया गया।

## इंडियन पब्लिक स्कूल के छात्रो ने घोसीपुरा में किया वृक्षारोपण

**मंगलौर।** घोसीपुरा ग्राम में इंडियन पब्लिक स्कूल जूनियर हाई स्कूल के सौजन्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव के सम्मानित सदस्यों ने पर्यावरण की रक्षा हेतु शपथ ली एवं पूरे मनोयोग से सहयोग दिया।

प्राप्त जानकारीक के अनुसार घोसीपुरा ग्राम में इंडियन पब्लिक स्कूल के सौजन्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। वृक्षारोपण के दौरान मुख्य अतिथि इंडियन पब्लिक जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य अशफाकुर रहमान ने उपस्थित ग्राम वासियों का आभार प्रकट किया एवं वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर अमित, अब्दुल रहमान, रोमान, लाइक,अमजद एवं आलोक द्विवेदी सहित ग्राम वासियों ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

# कार ने युवती को कुचला, मौत

## घटना रोड पर लगे सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सुबह के वक्त काम पर जा रही युवती को कार ने कुचल दिया। चिकित्सकों से जांच में युवती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। रूड़की कोतवाली पर हंसराज निवासी खुजरपुर ने तहरीर देकर बताया कि पुत्री कीर्ति निजी अस्पताल में काम करने के लिए रविवार सुबह जा रही थी तभी जादूगर रोड के पास एक कार ने पुत्री को कुचल दिया। जिसके बाद पुत्री को अस्पताल ले जाया गया जहां जांच में चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। परिवार ने युवती का अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस ने सोमवार को तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नाबालिग युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** 16 वर्षीय नाबालिग घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नाबालिग के फोन रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। जबकि मामला पारिवारिक मनमुटाव से भी जोड़कर पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

गंगनहर कोतवाली को क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि 16 वर्षीय पुत्र रविवार सुबह 11:00 बजे घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। जिसकी उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन पुत्र के बारे में कहीं कुछ पता नहीं चल पाया था। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि नाबालिग के फोन की कॉल रिकॉर्ड खंगाली जा रही है। नाबालिग के संपर्क में रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि नाबालिग को जल्द सकुशल बरामद कर लिया जाए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

**खोया-पाया-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल वर्ष 2014 क्र. सं. 14014474, इंटर वर्ष 2016 क्र. सं. 16009651, बीए वर्ष 2019 क्र. सं. 180190030035 ,बीएड वर्ष 2019-2021 क्र. सं. 19339106048, एमए वर्ष 202-2023 क्र. सं. 21309307007, आधार कार्ड न. 4282 3250 5299 पैन कार्ड न. GEJPM3499N वासतव में कहीं खो गई है किसी अन्य को जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**कु0 रजिया मलिक पुत्री इनामउल्ला नि. ग्राम मुस्तफाबाद उर्फ पदार्था थाना पथरी, तह व जिला हरिद्वार।**

# परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही से मासूम की मौत का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** थाना कलियर क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर दयालपुर निवासी दिलशाद पुत्र अब्दुल हमीद ने बताया कि प्रार्थी के पौत्र शामी पुत्र नईम की पिछले महीने बुखार होने की वजह से तबियत खराब हुई जिसको उनके द्वारा रुड़की हरिद्वार रोड स्थित वैलेनगिरी हॉस्पिटल में दिनांक 29.05.2025 को एडमिट कर दिया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर द्वारा बच्चे के इलाज में भरी लापरवाही बरती गई तथा परिजनों से इलाज के नाम पर मोटी रकम ऐंठी गई। दिनांक 30 05 2025 को बच्चे की हालत और खराब हो गई लेकिन डॉक्टर उनको झूठा दिलासा देता रहा इसके बाद 31 05 2025 को किसी दूसरे डॉक्टर द्वारा उनको बताया गया कि बच्चा बहुत खतरे में है इसको जौलीग्रांट हॉस्पिटल ले जाओ , लेकिन उक्त डॉक्टर तब भी बच्चे को डिस्चार्ज करने को तैयार नहीं था जैसे तैसे उन्होंने बच्चे को डिस्कर करवाया तथा जौलीग्रांट पहुंचे। लेकिन वहां डॉक्टरों ने बताया कि आपने आने में बहुत देर कर दी अब बच्चा नहीं बच सकेगा और बच्चे ने दम तोड़ दिया। प्राप्त सूत्रों की माने तो उक्त हॉस्पिटल पर पहले भी इलाज में लापरवाही के आरोप लग चुके हैं लेकिन रसूखदारों के चलते इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाती। प्रार्थी दिलशाद का भी यही कहना है कि उस पर उक्त अस्पताल स्वामी तरह तरह के हथकंडे अपनाकर फैसले का दबाव बना रहा है।जिसकी शिकायत प्रार्थी ने थाने में की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसके बाद प्रार्थी दिलशाद एस एस पी हरिद्वार के यहां लिखित तहरीर लेकर पहुंचा जिस पर एस एस पी हरिद्वार द्वारा इसकी जांच थाना कलियर इमली चौकी इंचार्ज को दी गई। इस मामले में चौकी इंचार्ज उमेश कुमार से बात की गई उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आयेंगे उच्चाधिकारियों को सूचित कर उस पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अब देखना होगा कि क्या खाकी पीड़ित परिवार को इंसाफ दिल पाएगी या यहां भी रसूखदार अपना काम कर पाएंगे।

# कांवड़ यात्रा में लक्सर-रुड़की रोड पर गड्ढे बनेंगे शिव भक्तों की आफत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** रुड़की रोड कोतवाली घूम पर कावड़ यात्रा से पहले ही बड़ा गड्ढा बन गया है जिससे कोई बड़ी घटना भी घट सकती है। संबंधित विभाग लापरवाह व मौन नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि लक्सर रुड़की रोड कोतवाली घूम पर एक बड़ा गड्ढा बन गया है जिसमें कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। कावड़ यात्रा को लेकर सरकार गंभीर बनी हुई है कि कहीं भी कोई घटना ना घटित हो जाए वही संबंधित विभाग लापरवाह बना हुआ है जो सड़क की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है हरिद्वार आने जाने में लोगों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा था उसके बाद भी संबंधित विभाग के द्वारा लक्सर रूडकी रोड व लक्सर हरिद्वार रोड पर कच्ची पटरी की जगह दीवार नहीं बनाई गई है अगर 2023 की तरह कावड़ यात्रा के दौरान इसी तरह से बारिश हो गई तो आने जाने वाले शिव भक्तों को बहुत बडी परेशानी का सामना करना पड़ेगा उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी केवल वही काम करते हैं जिसमें गोलमाल किया जाता है बाकी काम जनहित के संबंधित विभाग के अधिकारी करने को तैयार नहीं है उन्होंने कहा सरकार को चाहिए की लापरवाह संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाए जिससे कोई भी संबंधित अधिकारी अपने काम में लापरवाही ना करें।



# भगवानपुर तहसील में लगा वर्षा मापक यंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बरसात के मद्देनजर तहसील भगवानपुर में काफी दिनों से खराब पड़े वर्षा मापक यंत्र को बदलकर एसडीएम के आदेश पर नया लगा दिया गया और कर्मचारियों की जिम्मेदारी में सौंप दिया गया है।

नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि भगवानपुर तहसील में वर्षा मापने का यंत्र काफी दिन से खराब पड़ा हुआ था जो काम नहीं कर रहा था अब मानसून ने दस्तक दे दी है वर्षा का मौसम चल रहा है जिस बाबत एसडीएम देवेंद्र सिंह नेगी को अवगत कराया गयातो उन्होंने तुरंत खराब पड़े वर्षा मापक यंत्र को बदलने के आदेश दिएजिनके आदेश पर तहसील भगवानपुर में वर्षा मापक यंत्र काफी समय से खराब था जो आज नया लगवा दिया गया है जो सुचारू रूप से कार्य कर रहा है सदर परीक्षित तथा नायब नाजिर को हस्तगत कर दिया गया है । अब क्षेत्र में कितनी वर्षा पड़ रही है उसका अनुमान लगाया जा सकेगा।



# पर्वतारोही अंकुर रावत को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एक होटल में कांग्रेस प्रदेश महासचिव सचिन गुप्ता के नेतृत्व में पर्वतारोही अंकुर रावत का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व समाजसेवियों ने पर्वतारोही अंकुर रावत के हौंसले को सराहा ओर उन्हें युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बताया।

सुभाष नगर निवासी अंकुर रावत ने द्वितीय वर्ष 2016 में माउंट एवरेस्ट की चोटी फतह की थी। वहीं फिर एक बार दस कैडेटों के साथ पर्वतारोही अंकुर रावत ने पुन: माउंट एवरेस्ट को फतह किया। इससे जहां शहरवासियो में हर्ष का माहौल है, वहीं उनकी उपलब्धि पर शहरवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे है। सोमवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव सचिन गुप्ता ने पर्वतारोही अंकुर रावत को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंकुर रावत ने जिस हौंसले के साथ माउंट एवरेस्ट की चोटी को फतह किया, वह वास्तव में काबिले तारीफ है। आज रुड़की शहर के साथ ही जिला ओर प्रदेशवासी अपने को गौरवांवित महसूस करते है। वास्तव में अंकुर रावत ने अपनी मेहनत से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी को फतह किया है। वहीं उन्होंने अंकुर रावत के माता पिता और पत्नी को भी बधाई दी। इस मौके पर पूर्व सांसद राजेंद्र बॉडी , इंटक जिलाध्यक्ष उदय सिंह पुंडीर, पूर्व अध्यक्ष कलीम खान, हेमेंद्र चौधरी, पंकज सोनकर, रजनीश गुप्ता, सोनू आईटीसी, शकील अहमद, भूषण त्यागी, जितेंद्र सैनी, नंदू, भगवती प्रसाद बहुखंडी, अंकुर रावत के पिता नारायण सिंह रावत, माता आनंदी रावत आदि मौजूद रहे।





# एजबेस्टन में भारत को पहली जीत दिला पाएंगे शुभमन गिल!

● **टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा, 2 जुलाई से दूसरा मैच**

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 0-1 से पिछड़ रहा है। टीम को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा।

यह मुकाबला 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। एजबेस्टन मैदान पर भारत 58 साल में टेस्ट नहीं जीता, 39 साल पहले ड्रा खेला था भारतीय टीम ने एजबेस्टन मैदान पर पहला मैच 58 साल पहले 1967 में खेला था। 13 जुलाई से 15 जुलाई तक खेले इस गए मुकाबले में मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 132 रनों की हार झेलनी पड़ी थी।

तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट मैच खेले, लेकिन किसी भी मैच में जीत नसीब नहीं हुई। भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 को एक ड्रा मैच खेला था। 3 से 8 जुलाई तक चले इस मुकाबले में मो. हिंदर अमरनाथ (79 रन), मोहम्मद अजहर (64 रन) और सुनील गावस्कर (54 रन) ने अर्द्धशतकीय पारियां खेलकर मैच ड्रा कराया था। इस मैच की कप्तानी कपिल देव कर रहे थे। कोहली टॉप स्कोरर, चेतन शर्मा को सबसे ज्यादा विकेट वर्तमान भारतीय टीम में ऋषभ पंत इकलौते खिलाड़ी हैं, जो एजबेस्टन मैदान पर भारत के टॉप प्लेयर्स की सूची में शामिल हैं। यहां के टॉप स्कोरर्स की सूची में विराट कोहली पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 4 पारियों में 57.75 के एवरेज से 231 रन बनाए हैं।

इनमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल है। प्लेयर्स की इस सूची में सुनील गावस्कर, ऋषभ पंत, सचिन तेंदुलकर और गुंडप्पा विश्वनाथ जैसे नाम हैं। टॉप 5 विकेट टेकर्स में शामिल कोई भी गेंदबाज इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। यहां चेतन शर्मा ने 10 विकेट झटके हैं। इस सूची में ईएएस प्रसन्ना, आर अश्विन, कपिल देव और ईशांत शर्मा के नाम हैं। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज किया इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा रन चेज इसी मैदान पर किया था।



# जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी पड़ ना जाए भारी

● **भारत बनाम इंग्लैंडः 2024 से सिराज को नहीं मिला पांच विकेट हॉल, कुलदीप पर नजरें**

**बर्मिंघम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला हार चुकी भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में वापसी करना चाहेगी। दूसरा मैच एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसमें जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। लीड्स टेस्ट में बुमराह ने 14वीं बार पांच विकेट हाल लेकर इंग्लैंड पर काफी हद तक दबाव बनाया था लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों का साथ नहीं मिला। मोहम्मद सिराज प्रभावी गेंदबाजी नहीं कर पाए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा महंगे साबित हुए। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला दो जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में अगर बुमराह को आराम मिलता है, तो तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्व की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज पर होगी। हालांकि, सिराज फार्म से बाहर चल रहे हैं। 2024 से उन्होंने टेस्ट 19 पारियों में 28 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि, उन्हें एक बार भी पांच विकेट हॉल नहीं मिला है। इस दौरान सिराज का औसत 37.5 का रहा है। वहीं, एजबेस्टन में उनके रिकॉर्ड पर नजर डालें, तो उन्होंने सिर्फ एक मुकाबला खेला है। 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में सिराज को पहली पारी में चार विकेट मिले थे। हालांकि, दूसरी पारी में उनके हाथ खाली रहे। लीड्स टेस्ट में 31 वर्षीय गेंदबाज को सिर्फ दो विकेट मिले और उन्होंने 173 रन लुटाए थे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 200 से ज्यादा रन खर्च किए, जिसका असर मैच के नतीजे पर पड़ा। अब अगर बुमराह आगामी मुकाबले में नहीं खेलेंगे तो सिराज, प्रसिद्ध और शार्दुल पर सभी की नजरें रहेंगी। आमतौर पर एजबेस्टन की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए लाभदायी होती है। यही वजह है कि माइकल क्लार्क और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे दिग्गजों ने कुलदीप यादव को प्लेइंग 11 में शामिल करने पर जोर दिया है। दोनों को पिच के सूखे रहने की उम्मीद है। क्लार्क ने बियान्ड23 पाडकास्ट में कहा कि गेंदबाजी के लिहाज से मैं किसी एक खिलाड़ी पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल आसान है। वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है। वहीं, अजहरुद्दीन ने कहा कि वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। भारत के लिए 2017 में टेस्ट डेब्यू करने वाले कुलदीप अब तक 13 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 3.55 की इकोनामी से गेंदबाजी करते हुए 56 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड में उन्होंने अबतक सिर्फ एक मैच खेला है, वो भी लाड्र्स में।

# पीसीबी ने अजहर महमूद को टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच किया नियुक्त



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर महमूद को पुरुष टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी की ओर से अजहर की नियुक्ति को लेकर जारी बयान में कहा है कि अजहर महमूद ने शानदार अनुभव के साथ राष्ट्रीय टीम के सहायक मुख्य कोच की भूमिका को संभाला है।

वह लंबे समय से टीम के रणनीतिक कोर का अहम हिस्सा रहे हैं। क्रिकेट के बारे में उनका गहरा ज्ञान, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी सर्किट में सफलता हासिल करना उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाता है।

उन्होंने कहा कि अजहर अपने मौजूदा अनुबंध के समापन, अगले टेस्ट मैचों, अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर और दिसंबर-जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने मैचों तक अपने पद पर बने रहेंगे। अजहर को 2024 की शुरुआत में पाकिस्तान के न्यूजीलैंड के सफेद गेंद दौरे से पहले अंतरिम आधार पर नियुक्त किए जाने के बाद से राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच थे। 50 वर्षीय पूर्व ऑलराउंडर ने 20 साल की उम्र में क्रिकेट में पर्दापण किया था। उन्होंने 143 एकदिवसीय और 21 टेस्ट में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।

# आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब

● **आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग पर लगातार तीसरी जीत है**




**आयोवा, वार्ता।** भारत के आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कनाडा के ब्रायन यांग को पुरुष एकल में हराकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम कर लिया। काउंसिल ब्लफ्स में रविवार को खेले गये मुकाबले में विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज ब्रायन यांग को 47 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया।

यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग के खिलाफ लगातार तीसरी जीत है। यह 2025 में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी की पहली खिताबी जीत है। खिताब जीतने के बाद 20 वर्षीय शेट्टी ने कहा कि यह बहुत मायने रखता है कि सीनियर सर्किट में मेरा यह पहला खिताब है। इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं। मैंने यहां बेहत. रीन बैडमिंटन खेला और मैं अगले सप्ताह कनाडा ओपन का इंतजार कर रहा हूं। वहीं महिला एकल वर्ग के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा, अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन बेइवेन झांग के हार गईं। पहला मैच हारने के बाद तन्वी शर्मा ने दूसरे मैच में वापसी करते हुए गेम को तीसरे मैच तक ले जाने में सफल रहीं। हालांकि भारतीय शटलर आखिरी मैच हार गई। रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज बेइवेन झांग ने तन्वी को 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 16-21, 21-10 से मात दी। हार के बावजूद तन्वी शर्मा ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनकर इतिहास रच दिया।

**खेल विशेष**

## स्पेन, नीदरलैंड ने जीता फीबा 3 गुणा 3 विश्व कप का खिताब

**उलानबटोर, वार्ता।** स्पेन और नीदरलैंड की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गुणा 3 बॉस्केटबॉल विश्वकप (फीबा) 2025 में पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते हैं। मंगोलिया की 3 गुणा 3 बास्केटबॉल एसोसिएशन के अनुसार रविवार को खेले गये पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में स्पेन की टीम ने स्विट्जरलैंड को 21-17 से हराया। वहीं महिला वर्ग में नीदरलैंड ने मेजबान मंगो. लिया को 15-9 से शिकस्त दी। पुरुषों के कांस्य पदक मुकाबले में सार्बिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 21-16 से हराया। महिला वर्ग में कनाडा ने पोलैंड को 21-9 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## अंकुर, तनीषा की मिश्रित जोड़ी ने जीता टीटी एशियाई युवा चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**ताशकंद, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अंकुर भट्टाचार्जी और तनीषा कोटेचा भारतीय जोड़ी को टेबल टेनिस अंडर-19 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम गॉन और पार्क गाहियोन की जोड़ी से मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, ताशकंद के हुमो एरीना में खेले गए मैच में भारतीय जोड़ी ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन कड़े मुकाबले में 2-3 से हार गई। कोरियाई जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों पर 11-9, 8-11, 11-7, 3-11, 11-3 से जीत दर्ज की। अंकुर और तनीषा की जोड़ी ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और दक्षिण कोरियाई जोड़ी को निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया।

# इंग्लैंड के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम

● **दूसरे टी-20 में होगी हरमनप्रीत कौर की वापसी ब्रिस्टल में आज शुरू होगा दूसरा मुकाबला**

**ब्रिस्टल, वार्ता।** भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड से पांच मैचों की टी-20 सीरीज में सामना हो रहा है। हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में भारत ने इंग्लैंड को पहले टी-20 मैच में 97 रनों से हराया था। अब टीम की नजर दूसरे मुकाबले में जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करने पर होगी।

ब्रिस्टल में मंगलवार को दूसरा मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा, जिसमें हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद है। पहले मुकाबले में उनकी जगह स्मृति मंधना ने टीम की कमान संभाली थी। नाटिंघम में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था।

मंधना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबा. जों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं। भारतीय खिलाड़ियों को बंगलुरू में लंबे शिविर के बाद इंग्लैंड में जल्दी पहुंचने और कुछ अभ्यास मैचों में खेलने से लय हासिल करने में मदद मिली और पहले मैच में उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया।

# छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतह की, बनाया विश्व रिकॉर्ड

● **तेगबीर सिंह ने 20 जून को माउंट एलब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी**



**रूपनगर, वार्ता।** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी।

इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। रूस के पर्वतारोहण, रॉक क्लाइलम्बग और स्पोर्ट्स टूरिज्म फेडरेशन ऑफ काबर्डिनो बाल्केरियन रिपब्लिक ने माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले तेगबीर को पर्वतारोहण प्रमाणपत्र जारी किया। प्रमाणपत्र में लिखा है कि यह प्रमाणित किया जाता है कि भारत के छह साल नौ महीने और चार दिन की उम्र में तेग. बीर सिंह माउंट एल्ब्रस पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं। इसी के साथ तेगबीर ने पिछले साल सात वर्ष और तीन महीने की उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले वाघा कुशाग्र (महाराष्ट्र, भारत के मूल निवासी) के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2024 में वह माउंट किलिमंजारो (अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए थे और उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। वह अप्रैल 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) भी पहुंचे थे। चोटी फतह करने वाले तेगबीर सिंह ने कहा कि मुझे पता था कि मुझे कहां पहुंचना है और आखिरकार मैं पहुच गया और वहाँ अपने पिता के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। रोपड़ के शिवालिक पब्लिक स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र ने कहा मैं पहली बार बर्फ पर चल रहा था, मेरे जूते भारी थे, लेकिन मैंने इसका अभ्यास किया था।

# 600 में जूनियर आर्टिस्ट से टीम इंडिया तक का सफर

**भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट और म्यूजिशियन बनने की कोशिश भी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले वरुण चक्रवर्ती का करियर काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उन्होंने हाल ही में रविचंद्रन अश्विन के यूटयूब शो 'कुट्टी स्टोरीज विद ऐश' में अपने करियर के बारे में बताया।

क्रिकेट के मैदान पर सफलता पाने से पहले वरुण ने बतौर आर्किटेक्ट, म्यूजिशियन, फिल्मकार, और जूनियर आर्टिस्ट काम किया। उन्होंने कहा कि मैंने आर्किटेक्ट, म्यूजि. शियन बनने की कोशिश भी की। जूनियर आर्टिस्ट में 600 रुपए हर दिन मिलते थे। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद वरुण को टीम से बाहर कर दिया था, लेकिन फिर 33 साल के इस खिलाड़ी ने दुबई में हुए टूर्नामेंट में 9 विकेट लेकर भारत को चैंपियन बनाया। वरुण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेकेंड टॉप विकेट टेकर थे। आर्किटेक्ट की नौकरी वरुण ने बताया कि कालेज के बाद उन्होंने एक आर्किटेक्चरल कंपनी में डेढ़ साल तक असिस्टेंट आर्किटेक्ट के तौर पर काम किया। शुरुआत में सैलरी 14,000 थी, बाद में 18,000 हो गई। लेकिन ऑफिस में बैठना मेरे लिए संभव नहीं था।

आर्किटेक्चर छोड़ने के बाद वरुण ने कुछ समय गिटार बजाने और संगीत में करियर बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मैं एक घंटे से ज्यादा गिटार प्रैक्टिस ही नहीं कर पाता था। 6-8 महीने में समझ आ गया कि अगर आपका मकसद सिर्फ दूसरों को इम्प्रेस करना है, तो कोई भी कला नहीं चलेगी। वरुण ने फिर इंटीरियर डिजाइन और कंस्ट्रक्शन का बिजनेस शुरू किया। उन्होंने कहा, एक साल सब ठीक चला, लेकिन फिर साइक्लोन वरदा आया और मेरी सारी कमाई बहा ले गया। जूनियर आर्टिस्ट बने, 600 हर दिन मिलते थे वरुण का बिजनेस जब नहीं चला तो वे अपने दोस्तों के साथ फिल्म इंडस्ट्री में गए, जहां उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर बनने की कोशिश की। वहां जब एक डायरेक्टर ने उनसे पूछा, क्रिकेट खेलते हो? तब उन्होंने कहा, सिर्फ टेनिस-बाल क्रिकेट। इसके बाद उन्हें एक फिल्म में जूनियर आर्टिस्ट के तौर पर साइन किया गया।

मुझे 600 प्रतिदिन मिलते थे, उस वक्त ये काफी था। वरुण ने कुछ शार्ट फिल्में भी लिखीं और डायरेक्ट कीं, लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि वह इमोशंस तो पकड़ पाते हैं, लेकिन उसे स्क्रीनप्ले में ढालना मुश्किल होता है। उन्होंने इस पर कहा, 20 दिन तक शूट चला, मुझे मजा आया। फिर मैंने कुछ स्क्रिप्ट्स लिखीं, लेकिन उन्हें पिच नहीं कर पाया। साल 2014 में वरुण ने तमिल फिल्म जीवा में काम किया। ये फिल्म एक ऐसे क्रिकेटर की कहानी थी, जो पूरी तरह से नाकाम था। टेनिस बाल से टीम इंडिया तक टेनिस-बाल क्रिकेट खेलने वाले वरुण ने बाद में अपने क्रिकेट करियर पर ध्यान दिया। उन्हें लोकल टूर्नामेंट में उनकी मिस्ट्री स्पिन से पहचान मिली। बाद में उन्हें आईपीएल में कोलकाता नाईट राइडर्स ने खरीदा। यहीं से उन्हें पहचान मिली। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में वरुण का सिलेक्शन हुआ लेकिन वे टीम के लिए कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद उन्हें टीम से निकाल दिया गया। फरवरी में उनकी इंग्लैंड सीरीज में वापसी हुई। जिसमें उन्होंने शानदार परफार्म किया।




# सेना इलेवन ने जीती ऑपरेशन सिंदूर कप की ट्रॉफी

**कानपुर, वार्ता।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारी बारिश बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर क्रिकेट कप मैच में सेना इलेवन ने सांसद इलेवन को नौ विकेट से हराकर कप अपने नाम किया। टीम की ओर से पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 54 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। सांसद रमेश अवस्थी की ओर से आयोजित ऑपरेशन सिंदूर कप के मैच में टॉस जीतकर सांसद इलेवन ने बैटिंग करने का फैसला लिया। कुल 12 ओवर में आठ विकेट पर सांसद इलेवन ने 95 रनों का स्कोर खड़ा किया। सांसद इलेवन की ओर से मनोज तिवारी और बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा पारी की शुरूआत करने उतरे। दोनों ने 3.4 ओवर में 40 रनों की साझेदारी की। इस बीच उन्नाव डीएम गौरांग राठी ने मनोज तिवारी को सुधीर कुमार के हाथों कैच करा दिया। मनोज ने 12 गेंदों में दो चौके व तीन छक्कों के दम पर 30 रन बनाए। सेना इलेवन से मनीष सोनकर ने चार, गौरांग राठी ने दो और एक विकेट आशुतोष ने चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेना एकादश के कप्तान ब्रिगेडियर शब्बरुल हसन और पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। अखिल कुमार ने गौरांग राठी के साथ 10.1 ओवर में 99 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दिलाई।

# शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं


ॐ ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ॥ ॐ

# निर्मल आश्रम अस्पताल

(स्थापित–1990)

(निर्मल आश्रम ऋषिकेश की एक इकाई)

NABH (ENTRY LEVEL) CERTIFIED — PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE

24x7 आपातकालीन सेवायें



**विभिन्न चिकित्सा विशेषताओं, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं मूलभूत सेवाओं युक्त निरंतर सेवा देने वाला अस्पताल, जिसमें एक ही छत के नीचे उचित दरों पर 24 घण्टे सेवायें उपलब्ध।**

सामान्य ओ.पी.डी. समय
सोम से शनि प्रातः 9:30 से सांय 5:00 बजे तक

सामान्य परामर्श शुल्क
मात्र 50/– (तीन दिन के लिए मान्य)

निःशुल्क परामर्श एवं जैनेरिक दवाईयाँ उपलब्ध
साधू–संतों एवं जरूरतमंदों के लिए

## सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक्स

- **कार्डियोलोजी**
  डा. अनुराग रावत (MD, DNB)
  (प्रत्येक वीरवार व शनिवार सायं 4 से 6 बजे तक)
- **गैस्ट्रोएंट्रॉलोजी**
  डा. दीपक पुरोहित (MD, DM Gastro.)
  (Gold Medalist) Consultant Gastrologits
  (प्रत्येक शुक्रवार सायं: 5 से 7 बजे तक)
- **न्यूरोलोजी**
  डा. ज्योति गौतम (MD, DM)
  (प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार सायं 4.30 से 7 बजे तक)
- **नेफरोलोजी**
  डा. नमन चन्द्रा (MD, DM)
  (प्रत्येक सोमवार व शनिवार प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक)
- **पेन मेडिसिन**
  डा. गिरीश कुमार सिंह(MD, DM Pain Medicine, FIPM, CCEPC) भूतपूर्व चिकित्सक AIIMS ऋषिकेश
  (प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार दोपहर 2 से 5 बजे तक)
- **प्लास्टिक सर्जरी**
  डा. शुभम शर्मा Cosmetic & Plastic Surgeon M.S, M.Ch-Plastic Surgery (PGIMER, Chandigarh)
  (प्रत्येक मंगलवार प्रातः 11 से 1 बजे तक)

## स्पेशलिस्ट्स (सामान्य ओ.पी.डी.)

**मूत्र रोग (यूरोलोजी)**
डा. अश्वनी कुमार कंडारी (MS, MCH)

**संवेदनाहरण (बेहोशी)**
डा. मोहनीश कुमार संयम (MD)
डा. गिरीश कुमार सिंह (DM)

**दंत चिकित्सा (इम्पलांट केन्द्र)**
डा. शरद मिश्रा (BDS)
डा. ममता खंडेलवाल (BDS)
डा. जया श्रीवास्तव (MDS)

**नाक कान गला एवं कैंसर सर्जरी**
डा. दिव्यांक बंसल (MS)
डा. श्वेता मित्तल (MS)

**जनरल सर्जरी (लैप्रोस्कोपी)**
डा. मो. शोएब (MS, MCH)
डा. हेमन्त कपरूवान (MS)

**लैब मेडिसिन**
डा. अभिषेक सैनी (MD Path.)
डा. आयूषी चन्द्रा (MD Micro)

**मेडिसिन, हृदय एवं छाती रोग**
डा. अमित अग्रवाल (Physician)
डा. अखिलेश (MD, DNB)
डा. जगमोहन सिंह राणा (Physician)

**प्रसूती एवं स्त्री रोग**
डा. बेनजीर (DGO)
डा. पूजा (DGO)

**हड्डी व जोड़ों के रोग**
डा. अजय शर्मा (MS)
डा. दीपेंद्र तोमर (D. Ortho)

**बाल व नवजात शिशु रोग**
डा. विदिशा त्रिपाठी (DCH)
डा. कंवलदीप सिंह (DCH)

**रेडियोलोजी**
डा. रजत चौधरी (DNB)
डा. अंजू (MD, DNB)

## स्पेशल क्लीनिक्स

- **त्वचा रोग स्पेशलिस्ट**
  डा. ऋषभ चौहान (MD) प्रतिदिन दोपहर 12 से 2 बजे तक
- **कैंसर रोग स्पेशलिस्ट**
  डा. सौरभ बंसल (MD) प्रतिदिन सांय 5 से 6 बजे तक
- **मानसिक रोग स्पेशलिस्ट**
  डा. सोना कक्कड़ (MD) प्रत्येक बुधवार प्रातः 10 से 12 दोपहर, डा. संदीप चौधरी (MD) माह के पहले व तीसरे वीरवार 12 बजे से दोपहर 4 बजे तक

## आधुनिक विशेष सुविधायें

● 24X7 (आपतकालीन सेवायें, मैडिकल स्टोर, सी.टी. स्कैन एवं डिजीटल एक्स–रे, पैथोलोजी, एम्बुलेंस)
● आई.सी.यू. ● एंडोस्कोपी, वीडियो लैरिंगोस्कोपी, ट्रासनेजल एसोफैगोस्कोपी ● काल्पोस्कोपी द्वारा गर्भाशय की जाँच ● इमेज इन्टैन्सीफायर
● रीढ़ की हडडी का ऑपरेशन ● दूरबीन से किडनी, यूरेटर, ब्लैडर व प्रोस्टेट के ऑपरेशन
● डायलिसिस ● किडनी की बायोप्सी ● अल्ट्रासाउण्ड ● टी.एम.टी., इको कार्डियोग्राफी ● टीकाकरण, नर्सरी, नर्सरी आई.सी.यू., पी. आई. सी. यू.
● रीजनरेटिव / पी. आर. पी थेरेपी ● यूरोफ्लोमीटरी ● ई.ई.जी. ● एन.सी.वी. ● वी.ई.पी. ● ई.एम.जी. ● ब्लिंगक रिफ्लेक्स
● ओडियोमीटरी ● टिम्पेनोमीटरी ● स्पीच थैरेपी ● फीजियोथैरेपी एवं रिहैब्लिटेशन

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :


(0135) 2430942, 2439551-54, 8077763702
nah@nirmalhospitals.com
www.nirmalhospitals.com

चिकित्सा निदेशक, **निर्मल आश्रम अस्पताल**
मायाकुण्ड, ऋषिकेश–249201, जनपद–देहरादून, उत्तराखण्ड, भारत

# रक्षा मजबूती की तरफ कदम

पहले अरमेनिया, अजरबेजान उसके बाद रूस-यूक्रेन फिर इजरायल-हमास और हाल ही में जिस तरह ईरान और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ा, उससे साफ हो गया कि अब भविष्य में युद्ध तकनीक के आधार पर लड़े जाएंगे, जिसके पास तकनीक बेहतर होगी, वही देश बाजी मारेगा। यही कारण है कि अब भारत ने भी इन युद्धों से सबक लेते हुए अपनी सैनिक क्षमता बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष में डिफेंस सेटेलाइट भेजने की तैयारी कर ली है। सरकार ने तय किया है कि 2029 तक 52 स्पेशल डिफेंस सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजी जाएंगी। ये सभी सेटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगी और पाक-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखी जाएगी। यह सेटेलाइट आर्टिफिशियल इंटेजिलेंस बेस्ड होंगे और 36 हजार किमी की ऊंचाई पर यह आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। जिससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज, तस्वीर भेजने में आसानी होगी। इसके लिए सरकार ने स्पेस बेस्ड सर्विलांस-3 योजना बनाई है और इसके लिए 26 हजार 986 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी। वैसे इस मिशन की शुरुआत 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी और इस प्रोग्राम के तहत 4 सेटेलाइट लॉन्च किए गए थे। इसके बाद 2013 में छह सेटेलाइट लॉन्च किए गए। इस मामले में देखा जाए तो चीन हमसे कहीं आगे खड़ा दिखाई देता है। 2010 में जहां चीन के पास सिर्फ 36 सैन्य सेटेलाइट थे, वहीं उसके पास आज 1000 से ज्यादा सेटेलाइट हैं। जिनमें से 360 से ज्यादा निगरानी कार्यों के लिए हैं। चीन के पास एंटी सेटेलाइट मिसाइल, कॉ-ऑर्बिटल सेटेलाइट, इलेक्ट्रॉनिक वालफेयर सिस्टम भी हैं। देर से ही सही यह सरकार ने बेहतर तरीका अपनाया है जिसके चलते निश्चित रूप से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। जिससे चीन-पाक पर निगाह रखने में आसानी होगी। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि आज का दौर युद्धों के मामले में परंपरागत नहीं रहा है, उसकी जगह तकनीक लेती जा रही है। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच खुलकर तकनीक का प्रयोग हुआ। जैसाकि हम जानते हैं कि दोनों देशों की सीमाओं के बीच 2000 से भी अधिक किमी का फासला है, लेकिन इस फासले को तकनीक ने चुटकी में मिटा दिया। जहां इजरायल ने भी ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए, वहीं ईरान ने अपनी मिसाइलों के जरिये तमाम एयर डिफेंस सिस्टम को धता बताते हुए सटीक निशानों पर इजरायल पर वार किया। इन युद्धों में सेटेलाइटों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में भारत का 52 स्पेशल डिफेंस सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजना अपने डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए बड़ा माना जाएगा। हालांकि बेहतर हो कि इस मिशन को चार साल से ही पहले पूरा कर लिया जाए, क्योंकि जितना कम समय में हम इस मिशन को पूरा करेंगे, यह हमें आगे बढ़ने में हमारी और मदद करेगा, क्योंकि जैसाकि हम जानते हैं कि चीन इस मामले में हमसे काफी ज्यादा है और अगर वास्तव में हमें उससे प्रतिस्पर्धा लेनी है, तो काफी तेजी से काम करना होगा।


## पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करना जरूरी



अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया, तो कांग्रेस उसका कड़ा विरोधी करेगी और पार्टी अंतिम दम तक लड़ाई लड़ेगी, आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले मनुस्मृति का समर्थक हैं, वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं, इसलिए वे समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मुख्य सिद्धांतों को पसंद नहीं करते, यह सिर्फ होसबाले की सोच नहीं, बल्कि पूरी आरएसएस की विच. ारधारा है, अगर वे सचमुच हिंदू धर्म के रक्षक हैं तो पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करें।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस**

# जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति





**भूपेंद्र यादव**

मानव द्वारा उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 2011-20 के दशक में पृथ्वी का तापमान, पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। साथ ही, विकसित देश वैश्विक कार्बन बजट में असंगत हिस्सेदारी रखने के बावजूद जलवायु कार्रवाई को गति देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के प्रति इच्छुक नहीं दिखाई देते।

इस वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत के सर्वे भवन्तु सुखिन: के प्राचीन वैदिक सिद्धांत ने सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता का मार्गदर्शन किया है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व की चुनौती से जूझ रही है, तो जलवायु प्रबंधन के प्रति भारत की कालातीत वैदिक ज्ञान की प्रतिध्वनि विश्व को मार्ग दिखा रही है। एक ओर, वैश्विक समुदाय अक्सर जलवायु परिवर्तन से उपजी तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम पैटर्न और आपदाओं में वृद्धि जैसी असुविधाजनक सच्चाइयों में उलझा हुआ है। दूसरी ओर, भारत ने सुविधाजनक कार्रवाई के दर्शन को सामने रखा है। हमारे सभ्यतागत लोक. ाचार में निहित इस दृष्टिकोण ने पिछले 11 वर्षों में भारत को एक कर्तव्यनिष्ठ वैश्विक जलवायु नागरिक में बदल दिया है।

पृथ्वी का जो कुछ भी हम खनन करते हैं, उसे जल्दी से भरने दें, हम पृथ्वी के प्राण-तत्वों पर आघात न करें और न ही उसके हृदय को क्षति पहुंचाएं। इस प्राचीन ज्ञान को जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर आधारित समकालीन नीतिगत ढांचों में पिरोया गया है, जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कार्रवाई का एक अनूठा तालमेल बना है। पर्यावरण और वन मंत्रालय में जलवायु परिवर्तन को जोड़कर, जलवायु कार्रवाई को क्षेत्र-संबंधी चिंता के सीमित दायरे से निकाल. कर शासन की प्राथमिकता में ला दिया। 2015 में जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष का निर्माण इस प्रतिबद्धता का ही उदाहरण है, जिसके द्वारा राज्यों को जलवायु संकट से निपटने से संबंधित संसाधन प्रदान किए जाते हैं। कई राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित करके इस कदम का समर्थन किया, जिससे जलवायु कार्रवाई की एक संघीय व्यवस्था तैयार हुई।

2015 में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने वैश्विक जलवायु वार्ता में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री खुद पेरिस गए और पेरिस समझौते को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धरती के संरक्षण में भारत की उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। ऐसे देशों के विपरीत, जो जलवायु प्रतिबद्धताओं को बोझ के रूप में देखते हैं, भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्जा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्जा को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है। स्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की बात करने तो हम आरई में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर हैं। एक दशक में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। सरकार द्वारा अपनी कई योजनाओं के माध्यम से परिवर्तनकारी जलवायु कार्रवाई के लिए भारत की प्रतिबद्धता को गति प्रदान की गई है। स्वीडन के साथ साझेदारी में लीडआईटी (उद्योग में बदलाव के लिए नेतृत्व समूह) बनाया गया, जो जलवायु लक्ष्यों के लिए औद्योगिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सौर विनिर्माण (2020) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से घरेलू सौर विनिर्माण क्षमता मजबूत हुई, आयात पर निर्भरता कम हुई और एक मजबूत स्वदेशी सौर इकोसिस्टम का निर्माण हुआ।

2021 में ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 में भारत ने देश के जलवायु परिदृश्य को और मजबूत करते हुए ऐतिहासिक घोषणाएं कीं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने वक्तव्य में भारत के महत्वाकांक्षी अभियान पंचामृत की घोषणा की गई। पंचामृत यानी पांच अमृत तत्व, जिसमें जलवायु प्रतिबद्धता को बढ़ाना और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना शामिल है। इसी संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री ने मिशन लाइफ-पर्यावरण के लिए जीवनशैली की शुरुआत की, ताकि वैश्विक स्तर पर नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में शामिल किया जा सके। इस ऐतिहासिक प्रतिबद्धता ने भारत को विकासशील देशों के बीच जलवायु नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया। 2 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में कॉप 26 के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने आईआरआईएस (सुदृढ़ द्वीप देशों के लिए अवसं. रचना) लॉन्च किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, फिजी, जमैका, मॉरीशस और यूके के प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम से जलवायु-संवे. दनशील देशों के प्रति वैश्विक एकजुटता प्रदर्शित की गई। भारत ने 2022 में अपने एनडीसी को परिवर्तित करते हुए उसमें संरक्षण और संयम की परंपराओं और मूल्यों के आधार पर स्वस्थ और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक गुणात्मक लक्ष्य के रूप में मिशन लाइफ को शामिल किया। इसी क्रम में, नवंबर 2022 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति (एलटी-एलईडी) प्रस्तुत की, जिसमें 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ सतत विकास के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है। इसी वर्ष राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का शुभारंभ हुआ, जिससे भारत हरित हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा, जो ऊर्जा स्वतंत्रता और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की हमारी दृष्टि के अनुरूप है।

वर्ष 2023 में विकसित भारत 2047 की घोषणा, एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई, जो 2047 तक पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था तथा प्रकृति और प्रगति के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए विकसित राष्ट्र बनने के प्रति भारत का विजन है। भारत की जलवायु कार्रवाई, 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। जलवायु परिवर्तन को कम करने की दिशा में कार्रवाई के अलावा, भारत ने व्यापक जलवायु रिपोर्टिंग का प्रदर्शन करते हुए द्विवार्षिक प्रगति रिपोर्ट के साथ अपना अनुकूलन संवाद भी प्रस्तुत किया है। 2024 में बदलाव लाने वाली दो नागरिक केंद्रित पहलों की शुरुआत हुई। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने सौर ऊर्जा तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया, जबकि एक पेड़ मां के नाम के शुभारंभ ने वनीकरण को एक जन आंदोलन का रूप दिया।

(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं)

# आतंक पर दोहरे रवैये को लेकर राजनाथ का प्रहार

**भारत ने इसे पाकिस्तान के आरोपों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वैधता देने की साजिश बताया। ब्लूचिस्तान में विद्रोही गतिविधियां वहां के लोगों की आत्मनिर्णय की मांग से जुड़ी हैं, जिन्हें पाकिस्तान भारत-प्रायोजित आतंकवाद कहकर गुम. राह करने की कोशिश करता है। चीन, जो सीपीईसी के माध्यम से ब्लूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है, पाकिस्तान के इन दावों का समर्थन करता रहा है। यही कारण है कि भारत को इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इन्कार करना पड़ा। यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने एससीओ में ऐसा सख्त रुख अपनाया हो।**



**योगेश कुमार गोयल**

चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की रक्षा मंत्रियों की बैठक इस बार भारत की आक्रामक और स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति की स्पष्ट साक्षी बनी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से जब यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उसमें आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया गया है तो यह भारत का केवल एक औपचारिक विरोध नहीं था, बल्कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं और कूटनीतिक दृढ़ता का स्पष्ट संकेत था। इस विरोध के जरिये उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल प्रतीकात्मक भाषणों और कूटनीतिक शिष्टाचारों से आगे बढ़ चुका है। भारत का संदेश दृढ़ है कि आतंकवाद को सामान्य नहीं माना जा सकता। भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। भारत का यह कदम एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ खासकर उन देशों के लिए एक चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपने रणनीतिक हितों के लिए एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि उसके व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होती है। भारत का यह कदम पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा तो है ही, चीन को भी यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सुरक्षा हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह द्वारा की गई टिप्पणी कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसे पनाह देते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर संकेत था, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। दक्षिण एशिया पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण ही दशकों से अस्थिरता और हिंसा से जूझ रहा है और अब भारत इस खतरे को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर और मुखरता से उजागर कर रहा है। भारत की इस बार की विशेष आपत्ति पहलगाम हमले को लेकर थी। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा की सहायक इकाई टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) द्वारा किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। यह हाल के वर्षों का सबसे भीषण आतंकी हमला था। भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दो. हरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इन्कार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है। एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें शंघाई फाइव से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था, परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव: एक अनोखी दुनिया



**विनीत नारायण**

41 साल बाद, भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा शुरू की, जिसने न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि 1।4 अरब भारतीयों के सपनों को भी पंख दिए।



अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसा अनुभव है जो सामान्य मानवीय अनुभवों से परे है। यह न केवल वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि एक गहन व्यक्तिगत और दार्शनिक अनुभव भी है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान कहा, क्या कमाल की सवारी थी। यह उत्साह और आश्चर्य उनकी भावनाओं का प्रतीक है, जो हर उस व्यक्ति के मन में कौतूहल जगाता है जो अंतरिक्ष की सैर का सपना देखता है।

अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करने पर सबसे पहला अनुभव शून्य गुरुत्वाकर्षण का होता है। शुभांशु ने इसे शिशु की तरह चलना सीखने जैसा बताया। अंतरिक्ष यात्री को अपने शरीर को नियंत्रित करने, खाने, पढ़ने और यहां तक कि सोने के लिए भी नए तरीके सीखने पड़ते हैं। यह अनुभव चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ रोमांचक भी है। अंतरिक्ष में तैरना, जहां हर वस्तु हवा में लंगरहीन होती है, एक ऐसी अनुभूति है जो पृथ्वी पर असंभव है। इसके साथ ही अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखना एक गहन अनुभव है। नीले ग्रह की सुंदरता, बादलों की नाजुक परतें और महासागरों की विशालता अंतरिक्ष यात्रियों को प्रकृति और मानवता के प्रति गहरी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। शुभांशु ने अपनी यात्रा के दौरान कहा, दृश्यों का आनंद ले रहा हूं। यह दृश्य न केवल मनमोहक हैं, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि हमारा ग्रह कितना नाजुक और अनमोल है।

अंतरिक्ष यात्रा शारीरिक और मानसिक रूप से कठिन होती है। लॉन्च के दौरान तीव्र जी-फोर्स का अनुभव, अंतरिक्ष में प्रारंभिक असुविधा और माइक्रोग्रैविटी में अनुकूलन की प्रक्रिया हर अंतरिक्ष यात्री के लिए एक कठिन परीक्षा होती है। शुभांशु ने हंसते हुए बताया कि उन्होंने अंतरिक्ष में ह्काफी सोयाह्व जो उनके अनुकूलन का हिस्सा था। इसके अलावा, अंतरिक्ष स्टेशन पर लंबे समय तक रहने से मांसपेशियों का क्षय और हड्डियों की कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिनका अध्ययन इस मिशन का एक हिस्सा था। अंतरिक्ष स्टेशन पर समय केवल दृश्यों का आनंद लेने तक सीमित नहीं है। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान शुभांशु और उनकी टीम ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात भारत के थे। इन प्रयोगों में माइक्रोग्रैविटी में फसल बीजों का प्रभाव, मांसपेशियों के क्षय का अध्ययन और डीएनए मरम्मत जैसे विषय शामिल थे।

यह कार्य न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को भी मजबूत करता है। 41 साल पहले, 1984 में, विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत यूनियन के सोयुज टी-11 मिशन के तहत अंतरिक्ष में कदम रखा था। तब से, भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन मानव अंतरिक्ष उड़ान में यह दूसरा बड़ा कदम है। शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा भारत के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है।

शुभांशु की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान (2027), के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो ने इस मिशन के लिए 5 अरब रुपये (+59 मिलियन) का निवेश किया, ताकि शुभांशु को प्रशिक्षण और अंतरिक्ष अनुभव प्राप्त हो सके। इसरो के अध्यक्ष वी। नारायणन ने कहा, इस मिशन से प्राप्त अनुभव और प्रशिक्षण भारत के लिए अभूतपूर्व लाभकारी होगा। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए लॉन्च प्रोटोकॉल, माइक्रोग्रैविटी अनुकूलन, और आपातकालीन तैयारी में मदद करेगा।

एक्सिओम-4 मिशन नासा, इसरो, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह मिशन भारत की बढ़ती वैश्विक स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में इसके योगदान को दर्शाता है। पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ, यह मिशन वैश्विक एकता और साझा वैज्ञानिक लक्ष्यों का प्रतीक है। शुभांशु की यात्रा ने भारत के युवाओं में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति उत्साह जगाया है। लखनऊ में उनके स्कूल, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित वॉच पार्टी में सैकड़ों छात्रों ने उनके प्रक्षेपण को देखा और उत्साह के साथ तालियां बजाईं। इसरो ने शुभांशु के लिए भारतीय छात्रों के साथ बातचीत के आयोजन की योजना बनाई है, जो नई पीढ़ी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

भारत ने 2035 तक अपनी अंतरिक्ष स्टेशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री भेजने की महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं। शुभांशु की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा इन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत को न केवल तकनीकी रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। शुभांशु ने अपनी कक्ष से संदेश में कहा, मेरे कंधे पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं, मैं आप सभी के साथ हूं। यह भावना 1।4 अरब भारतीयों के गर्व और एकता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक बताया। यह मिशन भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता का एक और प्रमाण है।

अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसी यात्रा है जो न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देती है, बल्कि मानवता को अपनी सीमाओं से परे सोचने के लिए प्रेरित करती है। शुभांशु शुक्ला की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो 41 साल बाद अंतरिक्ष में देश की वापसी को चिन्हित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शाह टाइम्स

# स्विट्ज़रलैंड से कम नहीं है नैनीताल

## • मानसून में निखर आती है सरोवर नगरी की प्राकृतिक सुंदरता • पर्यटक की पहली पसंद बन रही है सरोवर नगरी

प्रस्तुतिः- आकांशी मावड़ी, दिग्विजय सिंह बिष्ट

मौसम कई आते हैं और गुजर जाते हैं, पर मानसून है, जो मन को भाता है और प्रकृति की छटा हरियाली से भरकर मन को प्रफुल्लित कर जाता जाता है। अब मानसून आ चुका है, पेड़ पौंधे मानो मुस्कराने लगे हैं और ऐसे में नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का रंग निखरना शुरू हो गया है। पर्वतों में हरियाली का श्रंगार भरने लगा है। शीत मंद हवाएं वृक्षों को झूमने के लिए मजबूर करती प्रतीत हो रही हैं। यह अनोखा समा प्रकृति प्रेमियों के लिए कुदरत का अनुपम उपहार है, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है और सैलानियों को खींचे चले आता है। नैनीताल की नैसर्गिक सुन्दरता पहचान की मोहताज नहीं, जिसके अंग्रेज भी गुलाम होकर रह गए थे। भले ही ग्रीष्म कालीन सीजन में लाखों की संख्या में सैलानी पहुंचते हों, लेकिन इस हिल स्टेशन का असल दीदार मानसून में बनता है। तीन ओर पर्वतमालाओं से घिरा यह शहर मानसून में अलग नजारा पेश करता है। बरसात की रिमझिम फुहारों के बीच इस भ्रमण अनोखा एहसास कराता है तो लंदन फश्वग यानी सफेद कोहरे की चादरें नगर को कब नगर को अपने आगोश में लेले और कब किस पर्वत से लिपट जाए, पता ही नहीं चलता। ये ऐसे सुंदर नजारें हैं, जो प्रकृति प्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाते हैं। यही वजह है कि देश विदेश से हजारों सैलानी मानसून के मौसम में यहां पहुंचते हैं।

### कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं इस दौरान

दरअसल ग्रीष्मकाल में सैलानी लाखों की संख्या में नगर सैर में पहुंचते हैं। जिस कारण अफरातफरी में सैलानियों की आवभगत उतनी हो नही पाती है, लेकिन मानसून के तीन महीनों में सैलानियों की भीड़ छट चुकी होती है। जिस कारण होटल कारोबारियों को सैलानियों के स्वागत व उन्हे समय देने का खूब समय होता है। सबसे अच्छी बात यह है कि होटलों के किराए में भारी छूट मिल जाती है। इसके अलावा भी कई सुविधाएं हैं, जो मानसून में उपलब्ध हो जाती हैं।

### अत्याधुनिक सुविधाएं वाले नगर के होटल

इस हिल स्टेशन में सैकड़ों होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे हैं, लेकिन चुनिंदा होटल हैं, जहा सैलानियों की ठहरने की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। शेरवानी हिलटॉप इन, नैनी रिट्रीट, विक्रम विंटेज, अलका होटल, क्लासिक दी माल, चन्नी राजा, प्रिम रोज, प्रशांत होटल, पर्यटक होटल, गौरी होटल, चिनार, एलफिंस्टन होटल, इंडिया होटल, लेक साइड इन, हैप्पी होम, पैलेस होटल, शशि इन, कपिल इन, शालीमार होटल, आरिफ कैसल्स, शिवराज होटल, बलरामपुर हाउस, वेलकम पार्क आदि होटल हैं, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।



अफजल फौजी



















